श्रीमते मध्वाचार्याय नमः

श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम्

❀ श्रीवनमालिप्रार्थना-शतकम्

❀ श्रीराधारमण-शतकम्

❀ श्रीभक्तनाम-मालिका

❀ अनेकविध-स्तोत्राणि च

मित्रभावेन सम्प्राप्तं न त्यजेयं कथंचन ।
दोषो यद्यपि तस्य स्यात् सतामेतदगर्हितम् ।।

(वाल्मीकीय रा० ६।१८।३)

मित्रभाव से मो शरणि, आवै जो नर कोय ।
त्यागूँ नहिं कौनिहु दशा, दोषवन्त हू होय ।।

रचयिता—

श्रीवनमालिदासशास्त्री

श्रीगुरुदेवाय नमः

श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम्

श्रीमन्माध्वगौडेश्वरौ विजयेतेतमाम्

श्रीवनमालिप्रार्थनाशतकम्

निखिलशास्त्रपारावारपारदृश्व-सख्याऽवताराष्टोत्तरशत-स्वामि
श्रीकृष्णानन्ददासजीमहाराज-शिष्येण श्रीगोपालचम्पू-
श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पू-श्रीपद्यावली-श्रीभक्ति-
ग्रन्थमाला-श्रीस्तवरत्ननिधि-प्रभृतिप्राचीन-
ग्रन्थानां टीकाकारेण काव्यवेदान्त-
तीर्थेन घटिकाशतकेन महाकविना
श्रीवनमालिदासशास्त्रिणा
प्रणीतम् ।

तेनैवाऽनूदितं संशोधितं प्रकाशितं च

द्वितीयावृत्तिः ५००	**शिवचतुर्दशी वि० सं० २०३२**	निछावर प्रेम पूर्वक पाठ

भूमिका

श्रीहरिपदारविन्दद्वन्द्वमकरन्दरसपानलोलुप—

भ्रमरवर-सज्जनों को यह सुनकर परम हर्ष होगा कि, एक कविरूप माली, भावरूप वाटिका से विविध छन्द एवं अभिलाषरूप पुष्पों को चुनकर "श्रीवनमालिप्रार्थनाशतक"-नामक एक पुष्पस्तवक बनाकर उनकी सेवार्थ लाया है। वे सज्जनरूप भ्रमर, उसका प्रेमरूप मकरन्दरस पानकर, प्रेमोन्मत्त होकर भावपूर्वक जब गायन करेंगे, तब, प्रेमपुजारी भगवान् श्रीवृन्दावनविहारी मुरलीधारी स्वजन-दुःखापहारी शीघ्र ही दर्शन देकर कृतार्थ करेंगे।

अस्मत्कर्तृक-एक-"श्रीसख्य-सुधाकरः" नामक ग्रन्थ वि० सं० २००७ में मुद्रित हो चुका था। इस वर्ष भी दुबारा प्रकाशिन हुआ है। वह भी एक सख्यभावप्रधान प्रार्थनामय ग्रन्थ है; यह ग्रन्थ भी, सख्यसुधाकर सुधा-पानार्थ अमृत-चषक (पानपात्र) ही है। मैंने, श्रीसख्यसुधाकर की भूमिका में लिखा था कि, मेरे भावोद्‌गार, पूर्णतया सब इस ग्रन्थ में नहीं आ पाये हैं, यदि शरीर बना रहा और मेरे सखा ने मेरी बुद्धि, ऐसी ही रक्खी तो, द्वितीयावृत्ति में प्रकाशित करने की चेष्टा करूँगा। सो यह 'प्रार्थनाशतक' मेरे सनातन सखा श्रीहरि की ही अहैतुकी कृपा का फल है, 'श्रीसख्य-सुधाकरः' का परिशिष्ट भाग ही समझिये। आगे भी मेरे सखा की यदि ऐसी ही कृपा बनी रही तो मुझ से कुछ न कुछ लिखवाते ही रहेंगे; क्योंकि, मेरी तो वास्तविक दशा यह है कि—

कवित विवेक एक नहिं मोरे। सत्य कहों लिखि कागद कोरे॥

गुरुवर दया के सागर, इतनी दया तो करदो॥टेक॥
सूखा हुआ है मुखड़ा, टुक हर्ष दिल में भरदो॥१॥
निज कर्म दोष से हम, बिछुड़े हुये हैं तुम से।
ये कर्म हमारे प्रभुजी, श्रीकृष्ण ओर करदो॥२॥
मन है हमारा चंचल, पापों से प्रेम करता।
मम प्रेम कृष्ण सन्मुख, अब जन्म-जन्म करदो॥३॥
तुम से बना के गुरुवर, यदि मैं रहाया जग में।
तो विरद नाम अपना, "हरिप्रेष्ठ" दूर करदो॥४॥

इति निवेदयति—

श्रीकृष्णानन्द स्वर्गाश्रम विनीतो—
रेलवे फाटक के पास, श्रीवृन्दावन **वनमालिदासः**

श्रीमन्माध्व-गौडेश्वर-सम्प्रदाय-प्रचारक—

'श्रीगोपालचम्पू' 'श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पू' 'श्रीपद्यावली' 'श्रीभक्तिग्रन्थमाला'
'श्रीस्तवरत्ननिधि' आदि अनेक ग्रन्थों के टीकाकार एवं 'श्रीकृष्णानन्द-
महाकाव्य' 'श्रीहरिप्रेष्ठ-महाकाव्य' 'श्रीसख्य-सुधाकर'
'श्रीभक्तनाम-मालिका' 'श्रीवनमालिप्रार्थना-शतक'
'श्रीराधारमण-शतक' आदि अनेक ग्रन्थों
के रचियता—

सख्य-रस उपासक—



महाकवि श्रीवनमालिदासशास्त्री जी महाराज (वृन्दावन)

श्रीगुरुदेवाय नमः

श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम्

श्रीमन्माध्वगौडेश्वरौ विजयेतेतमाम्

श्रीवनमालिप्रार्थनाशतकम्

उपगीति-वृत्तमेतत्—

वनमालिप्रार्थनायाः, शतकं वनमालिदासेन ।
क्रियते तद् वनमालिन् !, वनमालेवाऽऽस्मसात्क्रियताम् ॥१॥

देवभाषानभिज्ञैस्तु दुर्ज्ञेयं शतकं त्विदम् ।
इति मत्वा मूलकर्त्रा हिन्दीभाषाऽपि लिख्यते ॥

हे श्रीमन् ! सखे ! वनमालिन् ! यह "श्रीवनमालिप्रार्थनाशतक"-नाम का जो शतक "वनमालिदास"-नामक आपके ही सखा बना रहे हैं, उसको आप, वनमाला की तरह सहर्ष स्वीकार कर लीजिये ॥१॥

सख्यसंवलितज्ञानभक्तिदं स्वगुरुं स्तौति आर्या-छन्दसा—

यस्य कृपालवशक्त्या, शक्तः शतकं त्वहं विनिर्मातुम् ।
स जयति गुरुदेवो मे, श्रीकृष्णानन्ददासाख्यः ॥२॥

सख्यभाव से युक्त ज्ञान एवं भक्ति के प्रदाता, अपने श्रीसद्गुरुदेव की स्तुति करते हैं कि, जिनकी कृपा के लेशमात्र से अल्पबुद्धिवाला भी मैं, शतक बनाने को समर्थ हुआ हूँ, उन्हीं "निखिल-शास्त्रपारावारपार-दृश्वसख्यावताराष्टोत्तरशत-स्वामि श्रीकृष्णानन्ददासजी महाराज" मेरे श्रीगुरुदेवजू की जय हो ॥२॥

स्वेष्टदेवसहितान् स्वसम्प्रदायाचार्यान् स्तौति अनुष्टुब्वृत्तेन—

सखायौ रामकृष्णौ मे जयतः स्म निरन्तरम् ।
जयन्ति मध्वगौराङ्ग-नित्यानन्दा जगद्धिताः ॥३॥

अपने इष्टदेव के सहित स्वसम्प्रदायाचार्यों की स्तुति करते हैं—मेरे प्राणप्रिय सनातन सखा श्रीकृष्ण-बलदेव की सदा जय हो। और जगत्

का परमहित करने के लिये तथा श्रीब्रह्मसम्प्रदाय का प्रचार करने के लिये ही निज का भूमण्डल पर अवतार हुआ, ऐसे-दिव्य पावनावतार-आचार्यवर्य "श्रीमध्वाचार्यजी" महाराज की जय हो। पाखण्ड-परायण वंगदेश की हिंसात्मक प्रवृत्ति को दूर करने के लिये श्रीकृष्ण-बलदेव ने ही जिनके रूप में अवतार लिया, ऐसे करुणावरुणालय श्रीगौराङ्ग महाप्रभु एवं श्रीनित्यानन्द महाप्रभु की जय हो ।।३।।

वाणीविनायकौ स्तौति आर्यावृत्तेन सादरम्—

सा जयति श्रीवाणी, भक्तिग्रन्थेषु मोदमाना या।
स जयति गणाधिराजो, विघ्नान् हन्तुं समर्थो यः ।।४।।

अब आर्यावृत्त से, आदरपूर्वक, श्रीवाणी विनायक की स्तुति करते हैं—उन श्रीसरस्वतीदेवी की जय हो जो कि, भक्ति-प्रतिपादक ग्रन्थों में ही प्रसन्न रहती हैं, अर्थात् कवि के द्वारा आह्वान करनेपर ब्रह्मलोक से पृथ्वीतलपर शीघ्रता से आते समय श्रीसरस्वतीदेवी को जो मार्ग का श्रम होता है वह क्या भगवद्गुण, नाम, रूप, लीलामय-सुधासरोवर में स्नान कराये बिना थोड़े ही दूर होता है ? अतः सरस्वतीदेवी का आह्वान करके तो, भगद्विषयक कविता ही बनानी चाहिये, वही उनकी प्रसन्नता की हेतु है, अन्यथा तो श्रीसरस्वतीजी पश्चात्ताप ही करती हैं कि, इस मूर्ख ने मुझको व्यर्थ ही कष्ट दिया कि, उत्तमश्लोक भगवान् के यश को त्यागकर प्राकृत पुरुष का गुणगान करता है। और जो सम्पूर्ण विघ्नों को दूर करने में परम समर्थ हैं, ऐसे श्रीगणेशजी महाराज की जय हो ।।४।।

विद्यागुरूनभिनन्दति अनुष्टुभा—

जयन्ति विद्यागुरवो, येभ्यो विद्यां समभ्यगाम्।
यद्दत्तविद्याविभवै-र्ग्रन्थान् प्राचीकटं बहून् ।।५।।

अब विद्यागुरुओं का अभिनन्दन करते है—यथा—जिनकी कृपा से मुझको व्याकरण, साहित्य, न्याय, वेदान्तादि शास्त्रों का लाभ हुआ, उन मेरे श्रीविद्यागुरुओं की जय हो। जिनमें से कतिपयों के नाम इस प्रकार हैं— पं० श्रीराधेश्यामजी शास्त्री (भरतपुर) पं० श्रीजगन्नाथजी शास्त्री (अयोध्या) पं० गोस्वामी श्रीरासविहारीजी शास्त्री (वृन्दावन) पं० श्रीसीतारामजी शास्त्री (वृन्दावन) जिनकी दी हुई विद्या के वैभव से मैंने, बहुत से ग्रन्थ प्रगट किये हैं। कतिपयों से नाम इस प्रकार हैं—१. "श्रीकृष्णानन्द महाकाव्य" श्लोक संख्या ८००। २. "श्रीराधारमण-शतक" श्लोक सं० १२०।

३. "श्रीभक्तनाम-मालिका" श्लोक सं० १३१। ४. "श्रीहरिप्रेष्ठ-महाकाव्य" श्लोक सं० २०००। ५. "सख्य-सुधाकर" श्लोक सं० २०८। ६. "श्रीवनमालिप्रार्थनाशतक" श्लोक सं० १३१। ७. "श्रीगुरुदेवस्मरणाष्टक"। ८. "श्रीरामकृष्ण-प्रातःस्मरण-स्तोत्र"। ९. दो श्लोक में श्रीचैतन्यलीलामृत"। १०. "श्रीराधिकास्तोत्र"। ११. श्रीवृन्दावनाष्टक"। १२. "श्रीगोवर्धनाष्टक" १३. श्रीरामकृष्णस्तोत्र"। १४. "श्रीयमुनाष्टक"। १५. श्रीरामभद्र-दशक"। १६. "श्रीविश्वनाथ-पंचक"। १७. "श्रीसत्यनारायणाष्टक"। १८. शास्त्रि-श्रीअमोलकरामाष्टक"। १९. "श्रीअनन्तदासाष्ट"। २०. श्रीराधाकृष्णाष्टक"। २१. "श्रीसागरधर्मपत्न्यष्टक"। २२. "वरवध्वोराशीर्वादात्मक-शुभसन्देश-त्रयम्"। २३. "अभिनन्दनपत्रम्"। २४. "भक्तिरसामृतसिन्धुविन्दु-टीका"। २५. "भागवतामृतकणिका-टीका"। २६. "माधुर्यकादम्बिनी-टीका"। २७. "वृन्दावनशतक-त्रयपर टीका"। २८. "श्रीगोपालचम्पू-टीका"। २९. "श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पू-टीका"। ३०. "श्रीपद्यावली-टीका"। ३१. "श्रीस्तवरत्ननिधि-टीका"।

प्रार्थनाशतकनिर्माणप्रयोजनमाह श्रीमत्कृपयैव च—

कविता-स्फूर्तिमेतु इति चाह—आर्याचतुष्केण—

भवति न भवतो ध्यानं, भगवन् ! मनसो ममाऽनवस्थानात्।
उदेतु कविता-सविता, कृपया जिह्वोदयाद्रौ मे ॥६॥

सरस्वती तव कृपया, विरिंचिहृदये यथैव प्रादुरभूत्।
प्रादुर्भवतु तथा मे, चिकीर्षोस्ते प्रार्थनाशतकम् ॥७॥

कृपां विना तव माधव !, नाहं लेखितुमीशो नु पादमपि।
अतः स्वयं ननु मत्तो, लेखय रुचिराणि पद्यानि ॥८॥

कविता यद्यपि ललिता, स्फुरति न हृदये मुकुन्द ! मे मलिने।
तदपि हृदि प्रेरणया, स्फोरयसि यथा लिखामि तथा ॥९॥

अब प्रार्थना-शतक के निर्माण का प्रयोजन कहते हैं और कविता स्फूर्ति भी आप की कृपा से ही हो जाय। यथा—हे भगवन् ! श्रीकृष्णचन्द्र ! मेरे मन के अत्यन्त चञ्चल होने के कारण, आपके श्रीचरणों का ध्यान तो बनता नहीं है, अतः आपकी अहैतुकी अनुकम्पा से, मेरी जिह्वारूपी उदयाचलपर, आपकी प्रार्थनामयी कवितारूप सविता (सूर्य) ही उदय हो जाय तो बहुत ही अच्छा हो; क्योंकि, कविता बनाने में मनकी वृत्ति स्वतः आप में स्थिर हो जाती है। और सृष्टि के आदिकाल में, आपकी कृपा से

हो, जैसे श्रीब्रह्माजी के हृदय प्राङ्गण में श्रीसरस्वतीदेवी का प्रादुर्भाव हुआ था, उसी प्रकार आपके 'प्रार्थनाशतक' बनाने की इच्छावाले मेरे हृदय में भी, शारदा का प्रादुर्भाव हो जाना चाहिये। हे माधव ! आपकी कृपा के बिना तो मैं, श्लोक का एक चरण भी लिखने में समर्थ नहीं हूँ' अतः आप स्वयं ही मुझ से मनोहर मनोहर पद्य लिखवाइये; और हे मुकुन्द ! यद्यपि अनादिकाल से अतिशय मलिन मेरे हृदय में, सुन्दर कविता की स्फूर्ति तो होती नहीं है, तथापि अन्तर्यामीरूपेण हृदय में विराजमान आप, जैसी स्फूर्ति करेंगे तैसी ही कविता लिखूँगा॥ अत्रार्थे प्रमाणं तु "वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा" (पा० सू० ३।३।१३१) इति बोध्यम् ॥६-९॥

वनमालिनं प्रथमं प्रार्थयते शार्दूलविक्रीडितेन—

जिह्वा मे तव नामकीर्तनमलं नेत्रद्वयं दर्शनं
कुर्यादङ्घ्रियुगं परिक्रमणकं हस्तद्वयं प्रार्चनम्।
चेतोऽङ्घ्रिस्मरणं यशःश्रवणकं कर्णौ च कं वन्दनं
राधावल्लभ ! पादपल्लवतले ते यातु मे जीवनम् ॥१०॥

हे भगवन् ! मेरी तो आपके श्रीचरणों में, यही प्रार्थना है कि—मेरी जिह्वा तो निरन्तर आपका नाम संकीर्तन किया करे, और दोनों नेत्र दर्शन किया करें तथा चरणयुगल आपकी परिक्रमा किया करें, एवं दोनों हाथ, आपका पूजन किया करें और चित्त आपके चारुचरणारविन्दों का स्मरण किया करै और मेरे दोनों कान, आपका विमल यश श्रवण किया करें एवं मस्तक वन्दन किया करे। हे श्रीराधावल्लभ ! मेरा जीवन तो आपके श्रीपादपल्लवतल में ही व्यतीत हो जाय ॥१०॥

मालिनी-वृत्तमेतत्—

जनुरिदमपि धीमन् ! निष्फलं मे प्रयाति
तव पदयुगयोर्हाऽदर्शनाद् दर्शनीय !।
सपदि सफलय त्वं दर्शनादात्मनो हे
प्रणतसुखद ! कृष्ण ! प्राणनिर्मञ्छनीय ! ॥११॥

हे धीमन् ! हे दर्शनीय ! आपके पदयुगल के बिना देखे तो मेरा यह जन्म भी निष्फल ही व्यतीत हो रहा है,—अतः हे शरणागतों को सुख देनेवाले ! प्राणन्योछावर करने योग्य ! श्रीकृष्ण ! अपने श्रीदर्शन से आप ही शीघ्र सफल कीजिये ॥११॥

इत उपजाति-वृत्तत्रयम्—

निरर्थकं जन्मगतं मदीयं, मया न दृष्टो हृदये मुरारिः।
अहो मुरारे! मधुकैटभारे!, स्वं दर्शयित्वा कुरु सार्थकं तत् ॥१२॥
असारसंसारसमुद्रमध्ये, तृष्णा-तरंगे खलु मोह-कूर्मे।
कामाह्वतद्वाडव-तप्यमानं, सखे! सखायं सुखिनं कुरुष्व ॥१३॥

अहह! मेरा, देवदुर्लभ यह मानुष जन्म भी व्यर्थ ही व्यतीत हो गया; क्योंकि, मैंने अपने हृदय में भी मुरारि भगवान् का दर्शन नहीं किया। अहो हे मुरारे! हे मधुकैटभारे! आप ही अपनी अहैतुकी कृपा से अपना दिव्य दर्शन देकर इसे सार्थक कर दीजिये ॥१२॥

और हे सखे! तृष्णारूपी तरङ्गों से व्याप्त, एवं मोहरूपी कछुआओं से युक्त असार संसाररूपी सागर के बीच में, कामरूपी समुद्रीय वडवानल से अत्यन्त तप्त हो रहा हूँ अतः आप ही अपने मुखचन्द्र की सुशीतल-चन्द्रिका का प्रदानकर, मुझ सखा को सुखी कर दीजिये ॥१३॥

उपेन्द्रवज्रा-वृत्तद्वयमग्रिमम्—

दुःखे सखे! त्वां सततं स्मरामः, सुखे तु मत्ता इव संभ्रमामः।
अतो न शान्ति क्षणमेव यामः, प्रपञ्चमञ्चे शयनं भजामः ॥१४॥

कुयोनिगर्ते चिरतः पतामः, कदापि नो नाम तवाऽऽलपामः।
तथा कृपादृष्टिभरेण पश्य, यथा पदाब्जं नु तवाऽऽश्रयामः ॥१५॥

हे सखे! श्रीकृष्ण! दुःख में तो हम आपका निरन्तर स्मरण करते हैं, परन्तु सुख में तो, मदमत्त की भाँति घूमते रहते हैं, अतः क्षणभर भी शान्ति का लाभ तो नहीं कर पाते, किन्तु प्रपञ्चरूपी मञ्चपर शयन करते रहते हैं ॥१४॥

आप से विमुखता के कारण ही अनादिकाल से कुयोनि गर्त में गिरते आ रहे हैं, और आपका शुभ एवं मङ्गलमय नाम तो कभी लेते ही नहीं हैं, अतः हे अकारण-करुणा-वरुणालय! आप हमको उसी प्रकार स्नेहभरी कृपादृष्टि से देखिये कि, जिस तरह हम आपके चारु-चरणों का आश्रय ग्रहण करलें ॥१५॥

द्रुतविलम्बितमेतत्—

जगदिदं रमणार्थ-मथात्मनो, विरचितं भगवन्! सहसा हरे!।
सुनटनं यदि न क्रियतेऽमुना, कथमितो न बहिः क्रियतेऽप्यसौ ॥१६॥

हे भगवान्! यह जगत्, आपने अपने खेलने के लिये ही रङ्गमञ्च की तरह, अनायास ही बनाया है। अतः हे हरे! मेरा तो आपसे यही विज्ञापन

है कि, यदि यह "वनमालिदास"-नामक नट, आपकी प्रसन्नता का उत्पादक नृत्य नहीं करता है तो, आप इसको अपनी चतुर्दशभुवनरूपी रङ्गशाला से शीघ्र ही बाहर क्यों नहीं कर देते, ऐसा करनेपर भी इसका परम हित ही हो जायगा। इस बात के रहस्य को आप जानो या ये जानें ॥१६॥

अग्रिमं पृथ्वीछन्दः—

कदापि न वयं तथा तव पदाब्जयुग्मं हरे !
स्मराम विषयान् यथा समनुभूतिमाप्ता हि ते।
अतः स्वसुखमाधुरीकणमपि क्षणं स्वादय
स्मरन्ति नहि केचन ह्यननुभूतमात्रं जनाः ॥१७॥

हे हरे ! हम प्रतिक्षण जिस प्रकार प्राकृत विषयों का स्मरण करते हैं, उस प्रकार आपके दोनों चरणारविन्दों का तो कभी भी स्मरण नहीं करते, कारण कि, उनका तो अनादिकाल से सम्यक् अनुभव हो चुका है, अतः हे प्राणप्रिय सखे ! अपनी सुख-स्वरूपमाधुरी के कण को भी क्षणभर चखा दीजिये, क्यों कि, यह बात अनुभव सिद्ध है कि, कोई भी जन, बिना अनुभव की हुई वस्तु का स्मरण नहीं करते हैं, अर्थात् आपके माधुर्य का अनुभव हो जाने के बाद, हम आपका निरन्तर स्मरण किया करेंगे, विषयों से स्वतः अरुचि हो जायगी; क्योंकि, अमृत से परितृप्त चित्त, चूके की खट्टी चटनी को थोड़े ही ढूँढ़ता है ॥१७॥

इयमपि पृथ्वी—

मनो मम दुरात्मतां त्यजति नो मुहुः शिक्षित
त्वमेव खलु शिक्षय स्ववश-विश्व-शिक्षागुरो !।
भृशं रहसि रोदिमि प्रबलप्रार्थनापूर्वकं
तथापि न शृणोषि किं प्रणतसौख्यदायिन् ! हरे ! ॥१८॥

हे भगवन् ! बारम्बार शिक्षा देनेपर भी, मेरा मन, अपने दुरात्मापन को नहीं त्यागता है, अतः आप ही इसको शिक्षा दीजिये; क्योंकि, सम्पूर्ण विश्व आपके ही आधीन है, अतः आप ही सम्पूर्ण विश्व के शिक्षा गुरु हो ! मैं तो एकान्त में प्रबल-प्रार्थनापूर्वक बहुत रोता हूँ, तथापि, हे शरणागतों को सुख देनेवाले हरे ! आप न जाने मेरी प्रार्थना क्यों नहीं सुनते ? ॥१८॥

मन्दाक्रान्ता-वृत्तमेतत्—

निद्रां प्राप्तः किमु किमथवा वृद्धतां त्वं गतोऽसि
कार्यग्रस्तः किमु किमथवा निर्दयत्वं गतोऽसि।

नो चेद् भ्रातः! कथमिह न मां मायया पीड्यमानं
हा श्रीकृष्ण! व्रजपतनय! त्रायसे स्वं सखायम् ॥१९॥

क्या आप घोर निद्रा में सो गये हो? अथवा वृद्ध हो गये हो? और क्या किसी विशेष कार्यान्तर में उलझ गये हो? अथवा निर्दयता ही धारण कर ली है क्या? हे सखे श्रीकृष्ण! हे व्रजराजकुमार! यदि ऐसा नहीं है तो, माया से परम-पीड़ित मुझ अपने सखा की रक्षा क्यों नहीं करते? ॥१९

शिखरिणी-विभातीयं शिखरिणीसमा—

त्वदीया माया मां दमयति सखायं तव सखे!
कुतो रक्षामस्याः सपदि मम सख्युर्न कुरुषे।
इयं त्वत्तो लज्जां व्रजति व्रजिताऽपीक्षणपथात्
त्वया त्वागन्तव्यं परमिह हि मे लोचनपथम् ॥२०॥

हे सखे! आपकी अतिशय प्रबल माया, आपके ही सखा मुझको पीड़ित कर रही है, सो आप, मुझ अपने सखा की इस से शीघ्र रक्षा क्यों नहीं करते? और हे सखे! आपको तो इससे रक्षा करने में तनिक भी परिश्रम नहीं करना पड़ेगा; क्योंकि, यह, आप से तो नवोढा की तरह लज्जित हो जाती है और आपके नेत्रों के सामने तो यह, देखते ही भाग जायगी; अतः आपको तो केवल मेरे नेत्रों के सामने आ जाना चाहिये ॥२०॥

एतदनुष्टुप् छन्दः—

प्रार्थनाकरणं धर्मः सखे! मम तु वर्तते।
तत्स्वीकरणमात्रं ते वर्तते नहि किं वद ॥२१॥

हे सखे! मेरा तो आपके श्रीचरणों में प्रार्थना करने का ही धर्म है, अब आप ही कहिये क्या उस प्रार्थना को स्वीकार करना मात्र भी आपका धर्म नहीं है? यदि है तो, शीघ्र ही रक्षा कीजिये ॥२१॥

आर्यप्रियेयमार्या—

सखिजन-जनित-सुखाब्धे!, बलबलवत्प्रेम-कनिष्ठता-निष्ठ!।
व्रजपा-व्रजप-सुखाय, कृत-बहुलीलोद्धरारं माम् ॥२२॥

हे सखे! आपने अपने सखाओं के लिये सुख का समुद्र उत्पन्न कर दिया, और बलदेवजी के प्रति जो आपका प्रगाढ़ प्रेम है, उसी के कारण आपकी उनके छोटे भाई होने में निष्ठा है और हे यशोदा और नन्दजी के सुख के लिये अनेकों लीला करनेवाले भगवन्! मेरा शीघ्र ही उद्धार कीजिये ॥२२॥

पृथ्वीसौख्यदायिनीयं पृथ्वी—

मनोरथ-पथातिगं दुरभिसन्धियुक्तात्मनां
सदाशययुजां सदा हृदि समर्पितं सादरम् ।
तथा कुरु कृपां हरे ! फणिफणार्पितं यत्पुरा
यथा तव पदाम्बुजं नयनमूलमायाति नः ॥२३॥

हे हरे ! बुरे अभिप्राय से युक्त मनवालों के तो जो मनोरथ पथ से भी अत्यन्त दूर है, और अच्छे अभिप्राय से युक्त जनों के हृदय में, जो सदैव से सादर समर्पित है एवं जो पहले कालियनाग के फणोंपर ताण्डव नृत्यपूर्वक अर्पित हो चुका है, वही चरणारविन्द, जिसप्रकार हमारे नेत्रों के सामने आवै उसी प्रकार कृपा कीजिये ॥२३॥

श्रेष्ठजातिरियमुपजातिः—

मम त्वभीष्टं वरमेतदेव, सखे ! सगोभिः सखिभिः समेतः ।
सराम आगत्य ममाक्षिमार्गे, मां संपरिष्वज्य कृतार्थय त्वम् ॥२४॥

हे सखे ! मेरा तो यही अभीष्टवर है कि, आप गैया ग्वाल-बाल और श्रीबलदेवजी के सहित, मेरे नेत्ररूपी मार्ग में आकर, मुझको गाढ़ालिङ्गन प्रदानकर कृतार्थ कर दीजिये ॥२४॥

मार्मिकमेतदनुष्टुप्-छन्दः—

गाढालिङ्गनदानेऽपि समर्थो नासि चेत्तदा ।
विहाय सर्वेश्वरतां दुर्बलाख्यां सखे ! भज ॥२५॥

यदि आप गाढ़ालिङ्गन प्रदान करने में भी असमर्थ हो तो हे सखे ! सर्वेश्वरता को त्यागकर, अपना नाम दुर्बल रख लीजिये । दर्शन के लोभी सखा की यह प्रणयोक्ति है, यही तात्पर्य है ॥२५॥

द्रुतविलम्बित-वृत्तम्—

अनवलोक्य कृपां मयि ते जना, उपहसन्ति मुधा कवयत्यसौ ।
यदि नृणामुपहासरुजां क्षतिं, लषसि देहि तु दृष्टिमहौषधम् ॥२६॥

हे माधव ! आपकी कृपा का लेश भी मेरे ऊपर न देखकर, लोग मेरी हँसी करते हैं कि, यह तो केवल वृथा कविता ही करता रहता है, अतः आप, यदि इन लोगों के उपहासरूपी रोग को नष्ट करना चाहते हैं तो, शीघ्र ही मुझे स्वदर्शनरूप-महौषध का दान दीजिये ॥२६॥

अनुष्टुभा पुनरभ्यर्थयते—

सर्वाकर्षक आनन्दो नामशब्दार्थ एव ते ।
सखायं स्वमपि भ्रातः ! कथं मां नैव कर्षसि ॥२७॥

हे भ्रातः !—"सबको खींचनेवाला आनन्द" यही तो आपके श्रीकृष्ण नाम का शब्दार्थ है, तथापि न जाने मुझ अपने सखा को भी आप अपनी ओर क्यों नहीं खींचते हैं ? ॥२७॥

आर्यायुगलमेतत्—

स्मृतिशक्तिर्मम विषयान्, नरकपातहेतूनपि विचिन्तयति।
तत्राऽहं किमु करवै, नरकारे ! शीघ्रमादिश मे ॥२८॥
स्मृतिशक्तिस्त्वदधीना, मत्तः स्मृतिरिति तवैव वचनेन।
कथमत आत्मपदाब्जं, स्मृतिस्वामिन् ! नैव स्मारयसि ॥२९॥

हे भगवान् ! मेरी स्मृति शक्ति तो, नरक पात के हेतुभूत विषयों का ही चिन्तन करती रहती है। हे नरकारे ! इस विषय में मैं, क्या करूँ ? सो आप शीघ्र ही आदेश दीजिये ॥२८॥ और हे सखे ! "मत्तः स्मृतिर्ज्ञान-मपोहनं च" (गीता १५।१५) इस आपके श्रीमुखवचन प्रमाण से सब की स्मृतिशक्ति तो, आपके ही अधीन है, अतः हे स्मृतिस्वामिन् ! आप अपने श्रीचरणारविन्दों का स्मरण क्यों नहीं कराते ? ॥२९॥

प्रथममुपगीतिवृत्तमत्रे आर्याद्वयं ज्ञेयम्—

प्रतिदिनविषयध्यानात्, सङ्गस्तेषूपजातो मे।
सङ्गात्कामः कामात्, क्रोधो जातो बलीयान् भोः ! ॥३०॥
क्रोधोदपि सम्मोहः, सम्मोहात् स्मतेर्विभ्रमो जातः।
स्मृतिभ्रंशाद् धीनाशः, प्रज्ञानाशात् प्रणष्टोऽहम् ॥३१॥
रागद्वेषवियुक्तै-,रात्मवश्यैः करणै-र्विधेयात्मा।
कृष्ण ! तथा कुरु करुणां, यथा प्रसादमधिगच्छेयम् ॥३२॥

हे भगवन् ! मेरी दशा तो यह है कि—प्रतिदिन विषयों के अनवरत ध्यान करने से, मेरी उन में आसक्ति हो गई है, आसक्ति से काम और काम की पूर्ति न होने से बड़ा भारी क्रोध उत्पन्न हो गया है ॥३०॥ क्रोध से सम्मोह और सम्पोह से स्मृति का विभ्रम हो गया है, स्मृति के भ्रंश हो जाने से बुद्धि भी नष्ट हो गई है और बुद्धि के नष्ट हो जाने से तो मैं, अपने वास्तविक स्वार्थ से नष्ट हो गया हूँ ॥३१॥ हे कृष्णचन्द्र ! अब तो ऐसी कृपा कीजिये कि, जिससे, रागद्वेष से विमुक्त स्ववशवर्ती इन्द्रियों के द्वारा, मेरा मन मेरे वश में हो जाय, और निर्मल हो जाय, और मैं, आप की प्रसन्नता का लाभ कर लूँ ॥३२॥

यस्य यादृशी व्रतसाधना तेन तादृशमेव फलं लब्धमित्याह कुलकेन श्लोक-पंचकेऽन्वयात्, तत्र प्रथमं शिखरिणीद्वयं तदनु ह्येका उपजातिः पश्चाच्छार्दूलविक्रीडितं द्रुतविलम्बितं च तथाहि—

पदेनैकेनैव स्थितमिह जले साधु भवति
हसित्वा वृष्टिं चाऽऽतपमपि च शीतं च सहते।
तदा प्रेष्ठस्येदं पदनयनहस्ताऽऽननमुखैः
शुभैरङ्गैः सार्धं कमलमुपमानं च लभते ॥३३॥

अयं चन्द्रः पूर्वं निवसति सदा शून्यसदने
तथा राहुग्रास-प्रमुखबहुकष्टं च सहते।
तदा प्रेष्ठस्य भ्रूनखरयुगसाम्यं ह्यनुभवन्
नवः पूर्णो भूत्वा प्रियवदनसाम्यं च लभते ॥३४॥

उभाविमौ यद्यपि कंजचन्द्रौ, सौन्दर्यद्रव्येण च द्रव्यवन्तौ।
तथापि मे नैव प्रियाननस्य, शोभात आधिक्यदशां प्रयातौ ॥३५॥

श्यामस्याऽस्य हि वारिदस्य विपुला भोः साधनापद्धति-
र्येनाऽयं सहते पुरा प्रियबियोगाग्निं महान्तं मुदा।
नैवाऽस्मै खलु रोचते त्वमहमित्याकारभेद-प्रथा
भूत्वा प्रेष्ठमयः समग्र उदितो विज्ञैर्घनश्यामलः ॥३६॥

इति विचारपरा खलु राधिका, कथयति स्वपतेर्विरहाकुला।
अधिगतं खलु तेन हि तादृशं, व्रतमिहाचरितं खलु यादृशम् ॥३७॥

जिसकी जैसी व्रत साधना उसने उतना ही फल प्राप्त कर लिया इसी बात को श्रीराधिकाजी के वचन द्वारा कहते हैं।

टीका पद्यमयी यथा—

एक पैर से खड़ा सदा जल में है रहता,
आतप वर्षा शीत सभी हँसकर है सहता।
तब प्रिय का पदपद्म पुनः करकंज कहाता,
बनकर नीरज नयन अम्बुजानन छवि पाता ॥३३॥

शून्य सदन के बीच सदा ही है यह रहता,
राहुग्रास का विपुल त्रासमय संकट सहता।
तब प्रिय के नख भ्रू से नव शशि उपमा पाता,
पूर्णचन्द्र हो फिर मुख का है साम्य कहाता ॥३४॥

दोनों ही हैं रंग रूप के धनी कहाते।
पर न अधिक प्रिय-आनन की छवि से बढ़ पाते ॥३५॥

पर इस काले बादल की साधना बड़ी है,
प्रिय-वियोग की झेली इसने आँच कड़ी है।

'मैं', 'तू', का कब भेद भाव है इसको भाता,
प्रियतम मय हो यह समग्र घनश्याम कहाता ॥३६॥

सोच रही थी यही विरह से व्याकुल राधा।
उसे मिला उतना जिसने जितना व्रत साधा ॥३७॥

प्रेमकलहो यथा श्लोक-चतुष्के तत्र प्रथमं शार्दूलविक्रीडितं वृत्तं तदनु वसन्ततिलकावृत्तं पश्चान्मन्दाक्रान्ता-द्वयमिति ज्ञेयम्—

श्रेष्ठाश्रेष्ठविभेदमत्र न मनाग् जानामि हे माधव !
कालं तर्हि कियन्तमस्मृतिपथे विस्मारयिष्यस्यहो।
पूजा-पाठ-तपो-जपादिकधनं ग्रन्थौ न मे वर्तते
पापस्यैव प्रपंचकेन नितरां प्राप्तासि पूर्णं हि माम् ॥३८॥

चिन्तां तथापि न करोमि प्रसन्न एव,
निर्वाहयिष्यसि न किं मम सर्ववोढा।
सम्बन्धतः सजललोचनयोर्घनाभ !,
मां स्वीकरिष्यसि बलादसि चेत्पयोयुक् ॥३९॥

सर्पाहर्तुर्यदि शिरसि ते नो मयूरस्य पक्षः
स्या उद्धर्ता ननु यदुपते ! दीनपक्षस्य तर्हि।
छिद्राऽऽधारा यदि न मुखयुक् स्याज्जडा वंशिका ते
छिद्रं तर्हि द्रुतमपहरेर्देशधर्मस्य कृष्ण ! ॥४०॥

वृद्धिं प्राप्तो यदि न वनमालाकृतो वन्यभावः
स्याद् भक्तास्ते मधुमथन ! हे नो म्रियेरन्ननन्याः।
त्रातुं शक्तो भवति नहि निष्किञ्चनं कंजनाभो
नीचास्त्वां हि व्रजपसुत हे ! नोज्ज्वलं कुर्युरेते ॥४१॥

प्रेम-कलहो यथा भाषाटीका पद्यमय—

बुरे भले का न भेदभाव कुछ भी है ज्ञात,
कबतक हाय ! और भ्रम में भुलाओगे।
जप तप पूजा पाठ की न पूँजी गाँठ में है,
पाप के प्रपंच से ही भरपूर पाओगे ॥३८॥

चिन्ता नहीं करता प्रसन्न रहता हूँ तो भी,
सब की निभाते क्या न मेरी ही निभाओगे ?
सजल दृगों के एक नाते से ही घनश्याम !
पानीवाले हो तो हाँ अवश्य अपनाओगे ॥३९॥

सर्पभक्षी मोरपक्षी का न पक्ष शिर होता,
तो अवश्य दीन दुखियों का पक्ष धरते ।
छिद्रभरी जड़ बाँसुरी न मुँह होती लगी,
देश धर्म के तो छिद्र क्षण में ही हरते ॥४०॥
वनमाला ने न वन्य भावना बढ़ाई होती,
तो अनन्य आप के न अन्य हो के मरते ।
कञ्जनाभ पीतपट जाने क्या अकिंचन को,
यही नीच तुम्हें कृष्ण ! उज्ज्वल न करते ॥४१॥

श्रीकृष्णदर्शनं प्रार्थयते तोटकेन—

व्रजराजकुमार ! सखे मम हे, त्वमुपैष्यसि कर्हि नु दृष्टिपथम् ।
जननी-जनक-व्रजवासिगते !, सबलः ससखः सहधेनुतते ! ॥४२॥

हे श्रीनन्द यशोदा प्रभृति व्रजवासियों की गति ! हे गोपाल ! हे सखे ! व्रजराजकुमार ! आप सम्पूर्ण सखामण्डल एवं श्रीबलदेवजी के सहित, मेरे नेत्रों के मार्ग में कब आवोगे ? ॥४२॥

शिखरिणी-वृत्तमेतत्—

निषादे सुग्रीवे दशमुखलवुभ्रातरि तथा
सुदाम्नि श्रीदाम्न्यर्जुन-सुबलयोर्मद्गुरुवरे ।
कृपा या सख्येन प्रकटमजनि प्राक् तव तु तां
कदा कर्तासि त्वं सुखिसुखद ! सख्यौ मयि सखे ! ॥४३॥

पूर्व पूर्व युगों में, सख्यभाव से, जो कृपा आपने मित्रवर्य निषादराजपर, श्रीसुग्रीवजीपर, विभीषणजीपर, सुदामा, श्रीदामा, अर्जुन, सुबलादि सखाओंपर एवं मित्रभाव प्रचारार्थ आप ही के द्वारा भेजे हुए, सख्य रसावतारस्वरूप आपके मित्रवर्य मेरे श्रीगुरुदेवजीपर, साक्षात् प्रकट करके दिखाई थी, हे सखाओं को सुख देनेवाले सखे ! उसी मित्रभावान्विता कृपा को, मुझ सखापर कब प्रगट करोगे ? ॥४३॥

अनुष्टुब्वृत्तमेतच्चतुष्टयम्—

योग्यताविरहाद् भ्रातः ! कथं मयि दयिष्यसे ।
दयिष्दसेऽपि नितरां मित्रभावेन साम्प्रतम् ॥४४॥
मित्रभावेन सम्प्राप्तं न त्यजेयं कथंचन ।
दोषो यद्यपि तस्य स्यादितिवाचं प्रमाणयन् ॥४५॥
मित्रभावेन सम्प्राप्ते कृपां मयि कुरुष्व भोः ! ।
कुरुष्व वा स्ववाचं तां मृषामार्गावलम्बिनीम् ॥४६॥

दोषाढ्यमपि मां कृत्वा निजपादावलम्बिनम् ।
सखे ! शीघ्रं हि स्वां वाचं कुरु सत्यावलम्बिनीम् ॥४७॥

हे भ्रातः ! योग्यता से रहित मुझपर आप कैसे दया करेंगे ? हाँ मित्र-भाव से तो मुझपर यथेष्ट कृपा करोगे, यह मुझे विश्वास है क्योंकि, "**निर्दोषो वा सदोषो वा वयस्यः परमागतिः**" (वा० रा० ४।८।८) इस प्रमाण से—अतः विभीषण शरणागति में कहे हुए—

"मित्रभाव से मो शरणि, आवै जो नर कोय ।
त्यागूं नहिं कौनिहू दशा, दोषवन्त हू होय ॥"

इन अपने ही वचनों को प्रमाणित करते हुए—मित्रभाव से आपकी शरणागति लेनेवाले मुझपर भी शीघ्र ही कृपा कर दजिये । अथवा पूर्वोक्त अपनी वाणी को मिथ्या-मार्गानुगामिनी कर दीजिये । हे सखे ! मेरा कहना तो यही है कि—मुझ दोषाकर को भी निजपदावलम्बी बनाकर शीघ्र ही अपनी वाणी को सत्यावलम्बिनी कर लीजिये ॥४४-४७॥

स्रग्धरा-वृत्तेन पुनरर्थयते—

भूलिङ्गो नाम पक्षी निगदति नितरां साहसं मा कुरुध्वं
हा पाषाणं भिनत्ति स्वयमिह तदपि व्याघ्रतुण्डाच्च मांसम् ।
तद्वत्पापं विनिन्दन्नपि नियतमहो पापमेव प्रकुर्वे
तस्मान्मौढ्याद् विषादं गतमिह कृपया कृष्ण ! मां रक्ष रक्ष ॥४८॥

पर्वतों में "भूलिङ्ग"-नामक एक पक्षी रहता है वह निरन्तर अपनी भाषा में यही कहता रहता है कि,—"साहस मत करौ" हाय ! हाय ! तथापि स्वयं पत्थरों को फोड़ता है और व्याघ्र के मुख से भी मांस को निकार ले जाता है, ठीक इसी प्रकार मैं भी परोपदेशाय पाप की निन्दा करता हुआ भी, निश्चितरूप से पाप ही करता हूँ । अतः हे श्रीकृष्ण ! मूढ़ता से परम दुःख को प्राप्त हुये मेरी, अपनी विश्वद्रीची कृपा से रक्षा कीजिये, रक्षा कीजिये ॥४८॥

मन्दाक्रान्तया पुनरप्याक्रन्दति—

प्रायश्चित्तं सुकृतिनि जने स्वल्पपापे प्रयुक्तं
शीघ्रं शुद्धं विरचयति तं प्रोक्तमित्थं च विद्भिः ।
दोषाक्रान्तं परमकुमतिं गौरिव व्याघ्रभीतेः
क्षिप्रं दूरं तदपि मतिमन् ! मामुदीक्ष्याऽपयाति ॥४९॥

अर्थात् प्रायश्चितमपि मत्तो बिभेति कथमतो मे समुद्धाराशा अतस्त्वमेव कृपया मां समुद्धरेति भावः ।

हे मतिमन् ! भगवन् ! प्रायश्चित्त के विषय में भी विद्वानों ने ऐसा कहा है कि,—यदि किसी पुण्यात्मा से भूल में कोई स्वल्प पाप बन जाय तो, तत्काल प्रयुक्त प्रायश्चित. उसको शीघ्र शुद्ध कर देता है, परन्तु दोषाक्रान्त परम कुमति मुझको देखकर तो वह प्रायश्चित्त भी इस प्रकार शीघ्र दूर भागता है कि—जिस प्रकार व्याघ्र के भय से गैया, अर्थात् प्रायश्चित भी मुझ से डरता है कि—इतने बड़े पापी को कैसे शुद्ध करूँ, अतः मेरे उद्धार की मुझे तो आशा भी नहीं है, अतः कृपा करके आप ही मेरा उद्धार कर दीजिये ।।४९।।

स्रग्धरा-छन्दसा पुनरर्थयते—

पूर्वं नाराधितोऽसि क्वचिदपि समये नाऽधुनाऽऽराधयामि
वाञ्छामि स्वस्य चेष्टं तदपि सुखद ! हे किन्न मे मूढतेयम् ।
दुर्बुद्धिं दुश्चरित्रं भवति च विमुखं मां यदि त्रायसे त्वं
तर्हि त्वेषा क्षमा ते जगति विजयते सर्वमेव क्षमं ते ।।५०।।

"हे सखिसुखद ! पहले जन्मों में तो मैंने, आपका आराधन कभी भी किया नहीं, अतः पूर्वानभ्यास के कारण अब भी आपका आराधन करता नहीं हूँ—तथापि अपना मनोरथ सिद्ध करना चाहता हूँ" यह क्या मेरी कोरी मूढ़ता नहीं है ? अपितु है ही, अतः हे भगवन् ! दुर्बुद्धि, दुश्चरित एवं आप से विमुख मुझको यदि आप, संसार-सागर से बचा लोगे तो, आपकी यह क्षमा, सम्पूर्ण जगत में सर्वोत्कृष्टरूपेण विख्यात हो जायगी; आपको तो सब कुछ करना योग्य है ।।५०।।

दोधकपंचकेनाऽधुनार्थयते—

शत्रुगणोऽपि तवाऽन्तिकमागाद्, द्वेषणभावनया वरलाभाद् ।
सख्ययुतोऽपि कथं न सखा ते, पार्श्वमुपैमि गता प्रभुता ते ।।५१।।

मामपराधिनमीश्वर ! मत्वा, नैव दयां कुरुषे यदि नत्वा ।
त्वच्चरणाम्बुजमापदि हित्वा, कस्य पुरः परिरोदिमि गत्वा ।।५२।।

कोऽपि न देववरः प्रतिभाता, त्वां तु विना सुहृदां सुखदाता ।
तत् त्वमहो सुहृदं सहदोषं, स्वीकुरु वा कुरु मां गतदोषम् ।।५३।।

दोषविहीनजनं मनुषे स्वं, शेष्व तदा सुखमेव नु शेषे ।
कोऽपि न तादृगुपैष्यति दृष्टौ, हे शरणागतवत्सल ! सृष्टौ ।।५४।।

द्रक्ष्यसि मां कृपया यदि कृष्ण !, कालमहो गणये न महान्तम् ।
द्रक्ष्यसि नो कृपया यदि तर्हि, कालमयं तृणमेव नितान्तम् ।।५५।।

हे प्रभो ! आपकी गति बड़ी विचित्र है, क्योंकि, आपके शत्रुगण भी, शत्रुभावना से त्वदाकारमय वृत्ति के लाभरूप बर के लाभ से आपके पास पहुँच गये, परन्तु न जाने क्या कारण है कि, सख्य-भाव से युक्त तुम्हारा सखा भी मैं, आपके पास नहीं पहुँच रहा हूँ, क्या आपकी प्रभुता कहीं चली गई है ? ।।५१।। हे ईश्वर ! यदि मुझको अपराधी मानकर दया नहीं करते हो तो, आपके चरणारविन्दों में शिर झुकाकर एवं आपत्ति में उनको त्यागकर, किस देवान्तर के सामने जाकर रोऊँ ।।५२।। क्योंकि, मुझे तो आपके बिना, मित्रों को सुख देनेवाला कोई भी देव, श्रेष्ठ नहीं प्रतिभात होगा । इस कारण से हे सखे ! या तो दोष सहित मुझ मित्र को स्वीकार कर लो या दोष रहित ही बना दो ।।५३।। यदि आप दोषहीन जन को ही अपना मानते हो तो, दुपट्टा तानकर सुखपूर्वक शेषजी पर सो जाइये ? क्योंकि, हे शरणागत-वत्सल ! आपकी त्रिगुणमयी सृष्टि में तो, ऐसा कोई भी दृष्टिगोचर नहीं होगा ।।५४।। हे श्रीकृष्ण ! यदि आप मुझको कृपा भरी दृष्टि से एकबार भी देख लेंगे तो मैं, महान् काल को भी कुछ न गिनूँगा । यदि कृपा भरी नजर से नहीं देखोगे तो, तृण भी मेरे लिये नितांत (विशेष) कालमय हो जायगा ।।५५।।

तोटकवृत्तमेतत्—

अपराधयुतेऽपि मयि प्रसभं, तव सा करुणा करुणाजलधे ! ।
वलते बलतोऽपि यतो मम भो, रसना तव नामरसं पिबति ।।५६।।

हे अपार करुणावरुणालय ! आपकी लोक शास्त्र-प्रसिद्ध वह करुणा, अपराध से युक्त मुझपर भी, हठात् अपना प्रभाव दिखा रही है, कारण कि जिसके बल से मेरी रसना आपके नानामृत का पान कर रही है ।।५६।।

शिखरिणीयम्—

कृपालेशो यस्मिन नरि तव मनागस्ति न सखे !
कथंकारं सोऽयं तव जपतु वै नाम विमलम् ।
अतस्तृष्णाव्यालप्रबलविषजीर्णं सुविकलं
कृपादृष्ट्या तूर्णं ननु गरुडकेतो ! सुखय माम् ।।५७।।

हे सखे ! जिस मनुष्यपर आपकी कृपा का लेश नहीं है वह, आपके विमल मङ्गलमय नाम को किस प्रकार जप सकता है । अतः हे गरुड़ध्वज ! तृष्णारूपी सर्प के प्रबल विष से जीर्ण एवं महान् दुखी मुझ को, अपनी कृपा-दृष्टि से शीघ्र ही सुखी कर दीजिये ।।५७।।

प्रमाणिका-वृत्तम्—

न मित्रमात्रदोष-दर्शनं त्वया विधीयते।
तथाऽपि नो कथं सखे! स्वपार्श्वमेष नीयते॥५८॥

हे सखे! शास्त्रों में मैंने, आपके श्रीमुख के वचनों से ही सुना है कि, आप मित्रमात्र के दोषों को नहीं देखते हो, तथापि इस अपने जन को आप अपने पास क्यों नहीं ले जाते, क्या कारण है?॥५८॥

पंचचामर-वृत्तमेतत्—

अजातपक्ष-पक्षिणामिवाऽस्ति मे दशा सखे!
न कर्तुमत्र कार्यजातमल्पमेव पारये।
मनोरथेन पीडितोऽस्मि दर्शनाह्वयेन ते
तथापि नो ददासि दर्शनं कथं दयानिधे!॥५९॥

हे सखे! मेरी दशा तो अजातपक्ष पक्षियों की-सी है, आप के कृपाबल के बिना तो, मैं अल्प भी कार्य नहीं कर सकता, परन्तु आपके 'दर्शन'-नामक मनोरथ से पीड़ित हूँ, तथापि हे दयानिधे! आप दर्शन क्यों नहीं देते?॥५९॥

इत: स्रग्धरात्रितयम्—

सेवा नो मानसी ते श्रमधनरहिता जायते कृष्ण! मत्त:
कुर्यां शारीरिकीं वा कथमिह भगवन्नालसोऽहं नितान्तम्।
चित्ते बाढं दुनोमि व्रजपतिसुतके हा मनो नैव लग्नं
लग्नं संसारमध्ये कथमिति भगवानुद्धरिष्यत्यहो माम्॥६०॥

हे श्रीकृष्ण! श्रम एवं धन से रहित सुलभता से हो जानेवाली आपकी मानसी सेवा भी, मुझ से नहीं होती है। तब शारीरिकी षोडशोपचारमयी आपकी पूजा, मैं, यहाँ कैसे करूँ? क्योंकि, भगवान्! मैं तो, अत्यन्त आलसी हूँ। चित्त में तो बहुत दुखी होता हूँ कि—हाय! श्रीव्रजराजकुमार में मेरा मन नहीं लगा, संसार के बीच में तो खूब लगा हुआ है, अत: न जाने भगवान् मेरा कैसे उद्धार करेंगे?॥६०॥

प्राचीना यादृशं ते भजनमनुलवं चक्रुरेवं न मत्त:
स्यान्नैराश्येन तस्माज्ज्वलति हि हृदयं भक्तिलेशालसस्य।
विश्वद्रीचीं कृपां ते भृशमनुभवत: शास्त्रत: साधुतो द्रा-
गाशाबिन्दूक्षितं मे हृदयमसुपते! शान्तिमाप्नोति पूर्णाम्॥६१॥

हे भगवन्! श्रीप्रह्लाद एवं अम्बरीषादि प्राचीन महापुरुषों ने, जैसा आपका निरन्तर भजन किया है, वैसा तो मुझसे त्रिकाल में भी हो नहीं

सकता; अतः महती निराशा के कारण, भक्ति के लेश में भी आलस्य करनेवाले मेरा हृदय, नितान्त जलता रहता है, परन्तु जब शास्त्र एवं साधुओं द्वारा ऐसा अनुभव करता हूँ कि,--आपकी कृपा तो भक्तमात्रपर समान ही है यथा--

पारसा झूठे भगत को, हरि राखत सनमान।
जैसे कुपढ़ पुरोहितहिं, देत दान यजमान॥

तब तो हे प्राणेश्वर ! शीघ्र ही आशारूप बिन्दु से सिंचित हुआ मेरा हृदय, पूर्ण शान्ति को प्राप्त कर लेता है ॥६१॥

जानन्भक्तिं पुमर्थादपि खलु सकलाच्चाधिकां च स्वतन्त्रा-
मन्येभ्योऽपि ब्रुवँस्त्वामहमिह न भजे तेऽकृपैवाऽत्र हेतुः।
तस्मात् क्षिप्रं प्रसीद प्रखरकरसुता-तीरदेशे विनम्रो
मूढोऽहं प्रार्थये त्वां कुरु मयि करुणां हे दयावारिराशे ! ॥६२॥

हे भगवन् ! आपकी प्रेमलक्षणा भक्ति तो, धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप चतुर्विध पुरुषार्थ से भी अधिक एवं स्वतन्त्र है, ऐसे मैं, स्वयं जानता हुआ और दूसरों से कहता हुआ भी, स्वयं आपका भजन नहीं करता हूँ; इस विषय में आपकी अकृपा ही कारण है, अर्थात् जिस आपकी कृपा ने, मुझे भक्ति के स्वरूप समझने की एवं दूसरों को समझाने की शक्ति प्रदान की है, उसी कृपा से आप मुझे स्वयं भजन करने की शक्ति क्यों नहीं देते ? अतः हे दयासागर ! मैं मन्दमति, श्रीयमुनाजी के तीरपर विनम्र भाव से आपकी प्रार्थना करता हूँ कि—आप मुझपर शीघ्र ही, स्वभजनकारिणी कृपा कर दीजिये ॥६२॥

इयं पुष्पिताग्रा—

प्रतिपदममृताब्धिकोटि-मिष्टे, वहति झरे तव कृष्ण ! लीलिकायाः।
विषयगरलमेति मे तु पातुं, हृदयमहो करुणाढ्य ! रक्ष रक्ष ॥६३॥

हे श्रीकृष्ण ! प्रतिपद करोड़ों अमृत समुद्रों से भी मीठे आपके लीलारूप झरने—"इतिहास पुराणरूप पर्वतों से" प्रतिक्षण बह रहे हैं। परन्तु हे करुणाढ्य ! मेरा हृदय तो इतना दुष्ट एवं विवेक शून्य है कि, उन अमृतमय लीला झरनों को छोड़कर विषयरूप विष को पान करने के लिये क्षुद्र गर्तों में ही जाता रहता है, रक्षा करो ! रक्षा करो प्रभो ! ॥६३॥

मालिनी-वृत्तमग्रिमम्—

विषयवृषमिहात्तुं नीरसं याति नित्यं
मम तु हृदयवत्सो दुर्ममो मादृशां तु।

स्वसुखसरस-शष्पं स्वादयन्नीषदेतं
दमय करुण-यष्ट्या सत्वरं वत्सपाल ! ॥६४॥

हे भगवन् ! मेरा हृदयरूपी बछड़ा, नीरस विषयरूपी भुस को खाने के लिये नित्य ही जाता है, हम जैसे दुर्बलों के तो यह वश में आता नहीं, अतः हे वत्सपाल ! आप ही स्वसुखरूप सरस हरी-हरी घास का किञ्चित् आस्वादन कराकर करुणारूपी लकुट से इसका शीघ्र ही दमन कीजिये ॥६४॥

स्रग्धरा-वृत्तमिदम्—

पापानां कोटिभिस्त्वं मम यदि भगवन् ! खेदमायासि नूनं
बालैः सन्ताडिता वै कथमिह जननी मानुषी तोषमेति ।
सत्यं ब्रूहि व्रजेन्दो ! मयि तव रुडियं मेऽपराधेन केन
क्षान्त्वा तं मेऽपराधं सदयहृदय ! हे दर्शनं देहि शीघ्रम् ॥६५॥

हे भगवन् ! यदि आप मेरे करोड़ों अपराधों से दुखित होते हो तो निश्चय कहिये कि, बालकों द्वारा ताड़ित भी मानुषी माता, यहाँ सन्तुष्ट क्यों हो जाती है ? अर्थात् प्राकृत माता की अपेक्षा आप तो कोटि-वात्सल्य-जलधि हो, अतः आपको तो, स्व-स्वभावानुसार विशेष सन्तुष्ट हो जाना चाहिये । हे व्रजचन्द्र ! सत्य कहिये, मेरे ऊपर आपका यह कोप, मेरे कौन से अपराध से है । हे सदय-हृदय ! उस मेरे अपराध को क्षमा करके शीघ्र ही दर्शन दीजिये ॥६५॥

शालिनी-वृत्तमेतत्—

सेवां दृष्ट्वा यो ददातीह दाता, नो दाताऽयं प्रोच्यते भक्तिशास्त्रे ।
सेवाहीने किंच दीने मयीश !, प्रीतो भूत्वा देहि स्वं दर्शनं मे ॥६६॥

जो दाता, सेवा को देखकर तदनुसार फल देता है तो वह, भक्तिशास्त्र में दाता नहीं कहा जाता । अतः हे ईश ! सेवा से हीन दीन मलीन मुझपर प्रसन्न होकर अपना दिव्य दर्शन दे दीजिये ॥६६॥

वंशस्थ-वृत्तमेतत्—

स्वनायकं प्रोषितभर्तृका यथा, जने जने पश्यति तत्प्रतीक्षया ।
तथा कदा हा विकलाः प्रतीक्षया, त्वदीयया त्वामवलोकितास्महे ॥६७॥

हे भगवन् ! जिसका पति परदेश चला गया हो, ऐसी नववधू जैसे अपने पति की विशेष प्रतीक्षा से तदाकार होकर प्रत्येक जन में अपने पति का ही दर्शन करती है; ठीक उसी प्रकार आपके मिलने की प्रतीक्षा से व्याकुल होकर हम भी, दृष्टि गोचर होनेवाले प्रत्येक जन में आपका दर्शन

कब किया करेंगे। हा प्रभो! ऐसी मिलन प्रतीक्षामयी व्याकुलता शीघ्र प्रदान कीजिये ।।६७।।

अथ कमप्यनिर्वचनीयं मनोरथं श्रीकृष्णतः पूर्णमभिलषन् प्रार्थयते कुलकेन श्लोकपंचकेऽन्वयात् कुलकं ज्ञेयं कुलकलक्षणं यथा—

द्वाभ्यां युग्ममिति प्राहुस्त्रिभिः श्लोकैर्बिशेषकम् ।
कलापकं चतुर्भिःस्यात्तदूर्ध्वं कुलकं स्मृतम् ।।

तत्र प्रथमश्लोके गीतिच्छन्दो द्वितीये उपगीतिस्तृतीयचतुर्थयोरार्या पंचमे उद्गीतिरिति बोध्यम्—

विज्ञप्तिं शृणु मम भोः, शीघ्रं पूर्णां च तां सखे! कुरु मे।
मधुपुर्यामधिवसता, भवता व्रजमनु यदोद्धवः प्रहितः ।।६८।।

तदनु भवान् व्रजवार्ता-,श्रवणे धृततृष्णतां प्रथयन्।
प्रतिदिनमपगतदिवसान्, खिन्नः क्रमगणनया गणयन् ।।६९।।

उन्नतचन्द्रशालिकां, मनोरथपालिकामिव समारूढः।
उद्धवपथधृत-दृष्टि-,रकस्माच्च तमागतं पश्यन् ।।७०।।

उच्चैरुत्सुकताभाग्, जातः प्रसभं सखे! यथैव तथा।
अहमपि कदा नु कृष्ण!, त्वद्वार्ता-श्रवण-धृततृष्णः ।।७१।।

वृन्दावनमधितिष्ठन्, त्वद्वर्त्मनि निहितदृष्टिश्च।
त्वां समुपेत्याकस्मा-,दालिङ्ग्य च स्यां सखे! महान् मुदितः ।।७२।।

अब किसी अनिर्वचनीय मनोरथ की पूर्ति, श्रीकृष्ण से चाहते हुए प्रार्थना करते हैं—यथा—हे मेरे प्रिय! सखे! आपके श्रीचरणों में मेरी एक विज्ञप्ति है, उसे सस्नेह सुनिये और शीघ्र ही पूर्ण भी कर दीजिये, वह यह है कि—श्रीमथुराजी में वास करते समय, व्रजवासियों के विरह से व्याकुल होकर आपने अपने विरह से व्याकुल व्रजवासियों को सान्त्वना प्रदान करने के लिये, अपना सन्देश देकर जब श्रीउद्धवजी को भेजा था उस के पश्चात् आप व्रजवासियों के वृत्तान्त के श्रवण विषय में विशेष तृष्णा करते हुए और प्रतिदिन दुखित होकर बीते हुए दिनों को क्रम से गिनते हुए, एवं मनोरथ की पूर्ति स्वरूप उन्नत चन्द्रशाला (चौवारा) पर आरूढ़ होकर—उद्धवजी के आनेवाले मार्ग में दृष्टि लगाकर बैठे हुए और अकस्मात् श्रीउद्धवजी को आये देखकर जिसप्रकार आप सहसा उत्सुक, अर्थात् विशेष प्रसन्न हो गये थे, हे सखे! श्रीकृष्ण! ठीक उसीप्रकार मैं भी, आपकी मनोहर वार्त्ता श्रवण करने में विशेष सतृष्ण होकर, श्रीवृन्दावन में बैठकर आपके

आने के मार्ग में ही दृष्टि लगाकर बैठा हुआ, अकस्मात् आपको प्राप्तकर और भुजभर के आप से मिलकर कब विशेष प्रसन्न होऊँगा। हे सखे ! सख्यभावेन ऐसी कृपा शीघ्र ही कर दीजिये ॥६८-७२॥

शिखरिणी-द्वयकेन स्वाभिलाषमाह—

मनो मे दौरात्म्यं त्यजति न सखे ! किन्तु करवै
कुतो नैनद् वाढं द्रढयति भवान् पादयुगले ।
यदाऽस्याऽशक्तोऽसि त्वमपि भगवन् ! बन्धनविधौ
तदा को वा वक्ता तव जगति ना सर्ववशिताम् ॥७३॥

मदीयं ते भ्रातः ! पदकमलयोः प्रार्थनमिदं
मयि प्रीतस्त्वं चेन्मयि विमलसख्यं विनिवपन् ।
समं मात्रा पित्रा सखिभिरखिलैश्चापि हलिना
सखीभिर्दासैःस्वैर्नयनपथमायाहि तु तदा ॥७४॥

अब दो श्लोकों से अपनी अभिलाषा प्रगट करते हैं कि, हे सखे ! मेरा मन अपने दुरात्मापन को नहीं त्यागता है मैं, इस विषय में महान् दुखी हूँ क्या करूँ ? आप इस चञ्चल मेरे मन को अपने श्रीचरण युगल में क्यों नहीं दृढ़ कर लेते ? हे भगवन् षडैश्वर्य पूर्ण ! यदि इसके बाँधने में आप भी अशक्त हैं तो "अनन्त ब्रह्माण्ड आपके वश में हैं" ऐसा संसार में कौन मनुष्य कहेगा ? तात्पर्य यह है कि, जबतक मेरे चंचल मन को आप अपने वश में नहीं करोगे तबतक प्यारे सखे ! सर्ववशी न कहाओगे; मेरा तो यही मत है ॥७३॥ अतः हे भ्रातः ! आपके श्रीचरणारविन्दों में मेरी यही करबद्ध प्रार्थना है कि—यदि आप मुझपर प्रसन्न हैं तो, मेरे हृदय में विमल सख्यभाव का बीजारोपण करते हुए, माता श्रीयशोदाजी, पिता श्रीनन्दजी श्रीसुबल श्रीदामा आदि सम्पूर्ण सखा, बड़े भ्राता श्रीबलदेवजी, श्रीराधा, ललिता आदि सखियाँ और रक्तक-पत्रक आदि सम्पूर्ण अपने दास—इत्यादि परिकर सहित एवं वंशी बजाते गैया चराते मन को लुभाते मेरे नेत्रों के सामने प्रत्यक्ष हो जाइये ॥७४॥

तूणकेन पुनरभ्यर्थयते—

हार्दिकोऽभिलाष एष मे कदा नु पूर्णतां
यास्यति व्रजेन्दुवर्य ! वर्यपूज्यपाद हे ।
अस्त्वनाद्यनन्त-संसृति-प्रवाह-संजयो
मानसं सदा सदाश्रिताङ्घ्रियुग्मकंजयोः ॥७५॥

हे श्रीव्रजेन्दुवर्य ! हे श्रीशिव ब्रह्मादि देव श्रेष्ठों द्वारा पूज्यपाद सखे ! मेरा यह हार्दिक मनोरथ कब पूर्ण होगा कि,—आदि अन्त रहित इस संसृति प्रवाह से तो मेरी विजय हो जाय और मेरा मन सदैव, उन दोनों चरणारविन्दों में लगा रहे, जिनका कि, सत्पुरुषों ने सदैव से आश्रय ग्रहण किया है ॥७५॥

अनुष्टुप्-चतुष्केण पुनरर्थयते—

यथाऽहं सात्विकैर्भावैः स्तम्भस्वेदादिभिर्हरे ! ।
अलंकृतशरीरः सन् स्मराणि त्वां तथा कुरु ॥७६॥

यथाऽस्खलितभावेन स्मरन्ती मम शेमुषी ।
त्वामवस्थासु सर्वासु शोभेतैव तथा कुरु ॥७७॥

अहन्ता च यथा श्रीमँस्तव सेवोपयोगिनि ।
सिद्धदेहे विशन्तीव विराजेत तथा कुरु ॥७८॥

ममता तव पादाब्ज-मकरन्द-पिपासया ।
भ्रमरीवाऽऽकुलास्तां मे तव पादाब्जयोर्दृढा ॥७९॥

हे हरे ! आप मुझपर ऐसी कृपा करें कि, जिससे स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्चादि अष्ट सात्विक भावों से अलंकृत शरीरवाला होकर प्रतिक्षण आपका स्मरण कर सकूँ ॥७६॥ और ऐसा सुयोग दीजिये कि जिस प्रकार मेरी बुद्धि, सब अवस्थाओं में अस्खलित भाव से, अर्थात् निरन्तर आपका स्मरण करती हुई ही सुशोभित हो जाय ॥७७॥ हे श्रीमन् ! मेरी अहन्ता, आपकी सेवा के योग्य दिव्य मित्रभाव से युक्त सिद्ध देह में प्रविष्ट होती हुई जैसे सुशोभित हो तैसे ही कीजिये ॥७८॥ और मेरी ममता, आपके चारु-चरणारविन्दों के मकरन्द रस की पिपासा (प्यास) से व्याकुल भ्रमरी की तरह आपके पाद-पद्मों में ही दृढ़ हो जाय ॥७९॥

शार्दूलविक्रीडितेन पुनरप्यर्थयते—

आसक्तिस्तव पादयोर्मम दृढा यस्मिन् दिने भाविनी
तस्मिन्नेव दिने ममोपरि कृपा तेऽस्तीति वेत्स्याम्यहम् ।
तस्मात् तद्दिनमानयाशु नितरामासक्तिदं पादयो-
र्हे श्रीमद्व्रजराजनन्दन ! सखे ! मां दीनमानन्दय ॥८०॥

हे श्रीमद्व्रजराजनन्दन ! आपके श्रीचरणों में, जिस दिन मेरी दृढ़ आसक्ति हो जायगी, उसी दिन "मेरे ऊपर आपकी कृपा है" ऐसा मैं जानूँगा। अतः आपके श्रीचरणों में गाढ़ासक्ति प्रदान करनेवाले उस दिन

के सुयोग को शीघ्र ही उपस्थित कीजिये। हा सखे ! मुझ दीन को शीघ्र ही आनन्दित कर दीजिये ॥८०॥

उपगीतिद्वयकेन स्वसखं प्रार्थयते—

रक्षितवान् व्रजलोकं, श्रीमद्गोवर्धनं धृत्वा।
मामपि गिरिवरधारिन् !, रक्ष तथेन्द्रियेन्द्रदुर्वृष्टेः ॥८१॥
गोवर्धनधर ! धर मां, म्रियमाणं स्मरपिशाचेन।
नहि को वा स्वं मित्रं, रक्षति रक्षा-समर्थः सन् ॥८२॥

हे श्रीगिरिवरधारिन् ! आपने द्वापर युग में, श्रीमद्गोवर्धन को धारण करके जिसप्रकार व्रज की रक्षा की थी, उसीप्रकार इन्द्रियों के इन्द्र (मनीराम) की, दुर्विषयों में आसक्तिरूप दुर्वृष्टि से मेरी भी रक्षा कीजिये ॥८१॥ हे श्रीगिरिधारीलालजी ! स्मर—अर्थात् कामरूपी पिशाच के द्वारा मुझ जकड़े हुए की रक्षा कीजिये। क्योंकि, संसार में ऐसा कौन है, जो कि, रक्षा करने में समर्थ होकर भी अपने मित्र की रक्षा नहीं करता ? फिर आप तो अधिक-साम्य-विमुक्त प्रभाववाले हो ॥८२॥

स्रग्धरया पुनरपि दैन्येनार्थयते—

प्रीतेर्गन्धोऽपि नास्ते मम तव पदयोर्हा सखे ! कृष्णचन्द्र !
सम्बन्धः सख्यगन्धः परमिह बलवाञ्श्रीमदाचार्यदत्तः।
तेनैव त्वं दयालो ! यदि मयि दयसे तर्हि ते मित्रभावो
मित्राणां सौख्यदायी कलियुगसमयेऽस्मिन्नपि स्याद् द्रढीयान् ॥८३॥

हा सखे ! कृष्णचन्द्र ! आपके श्रीचरणों में मेरा प्रीति का तो लेशमात्र भी नहीं है, परन्तु सख्यावतारस्वरूप हमारे श्रीगुरुदेव द्वारा दिया हुआ केवल मित्रभाव की सुगन्धि ये युक्त, परम बलवान् सम्बन्ध विशेष है। हे दयालो ! मित्रवर्य ! यदि उस परम विशुद्ध मित्रभाव के सम्बन्ध से ही, आप मुझपर दया करते हो तो आपके मित्रों को परमसुख देनेवाला मित्र-भाव, कलियुग के इस भयङ्कर समय में भी अत्यन्त दृढ़ हो जायगा ॥८३॥

शार्दूलविक्रीडितेन शार्दूलविक्रीतमिव तनोति—

देवानामपि दुर्लभेन सुलभेनाऽस्मादृशां भूतले
सख्याऽऽचार्यकृपालवेन भगवँस्ते मित्रभावेन मे।
चेतोऽन्तर्मुदमेति तेन नितरां ते स्यात् कृपा मय्यपि
वाढं ते सहचारिणां परिषदि स्यान्मे प्रवेशोऽप्यरम् ॥८४॥

हे भगवन् ! देवताओं को भी अत्यन्त दुर्लभ परन्तु हम जैसों को पृथ्वीतलपर भी—सख्याचार्यवर्य हमारे श्रीगुरुदेव की कृपा के लेशमात्र से

सुलभ, आपके मित्रभाव से मेरा चित्त अन्दर ही अन्दर अत्यन्त हर्षित होता है, इससे प्रतीत होता है कि, मुझ दीन दुखी आपके सखापर भी आपकी कृपा अवश्य होगी और आपके सखाओं की सभा में भी मेरा शीघ्र हो प्रवेश होगा, यह दृढ़ निश्चय है ।।८४।।

तूणकवृत्तेन पुनरर्थयते—

प्रीति-पूर्वकं भजेय ते सदा पदाम्बुजं
देहि बुद्धि-योगमीदृशं नु योगसम्भव ! ।
ज्ञानदीपकेन नाशय त्वमात्म-भावगोऽ-
ज्ञानजं तमोऽनुकम्पया मम स्वकीयया ।।८५।।

हे कर्म, ज्ञान, भक्ति आदि त्रिविध योगों के उत्पत्ति स्थान भगवन् ! अथवा भक्ति योग में ही प्रगट होनेवाले प्रभो ! मुझे भी आप कृपा करके ऐसा बुद्धियोग दीजिये जिससे कि, प्रीतिपूर्वक आपके चरणारविन्दों का भजन कर सकूँ । और अपनी अहैतुकी अनुकम्पा से मेरे हृदय में प्रत्यक्षरूपेण पधारकर ज्ञानरूपी दीपक से, अज्ञान से जायमान अन्धकार को नष्ट कर दीजिये ।।८५।।

स्रग्धरया पुनरप्यर्थयते—

मित्र ! श्रीकृष्ण ! प्रीत्यै तव भवतु ममैवाऽखिलं कार्यजातं
कार्यं तत्कारयेथा भवति हि तव मुद् येन मत्तो मुरारे ! ।
उर्ध्वं यं ह्युन्निनीषुस्त्वमु भवसि ततः कारयस्येव साधु
यन्त्रं तेऽहन्तु यन्त्री त्वमिति यदुचितं स्वेच्छया तत्कुरुष्व ।।८६।।

हे भैया श्रीकृष्ण ! देखो, मेरे सब कार्य, आपकी प्रसन्नता के हेतु हो जायँ और हे मुरारे ! मुझसे भी, आप, वही कार्य करवाइये जिससे आपकी प्रसन्नता हो, क्यों कि, आप, जिसको ऊपर के लोकों में ले जाना चाहते हैं तो, उससे अच्छा ही कार्य कराते हैं, मैं तो, आपका यन्त्र हूँ, आप इसके संचालक हो, अत: हे सखे ! जो उचित हो वही स्वेच्छा से कीजिये ।।८६।।

प्रहर्षिणीद्वयकेन स्वमित्रमर्थयते—

प्राप्य त्वां तव कृपया व्रजेन्द्रसूनो !, दुःखाढ्यां जनिमसतीं पुनर्न यायाम् ।
खिन्नोऽहं तिरवधि गर्भवासदुःखा-,च्छीघ्रं स्वां कुरु करुणां वयस्यवर्य ! ।।८७।।

हे श्रीव्रजेन्द्रसूनो ! आप मुझमर ऐसी कृपा कीजिये कि, आपकी कृपा से ही आपको प्राप्त करके पुनः दुखमय निकृष्ट जन्म को प्राप्त न होऊँ । क्योंकि, हे मित्रवर्य ! मैं, निरन्तर गर्भवास के दुःख से महान् दुखित हूँ ।।८७।।

कंसारे ! मम जनिरेव चेत्तवेष्टा, बारम्बारमु समसह्यकर्महेतोः ।
तर्ह्यास्तां मम मनसोऽपि वृत्तिरारात्, पादाम्भोरुहयुगयोस्तवैव मित्र!॥८८॥

हे कंसारे ! यदि मेरे अक्षम्य महान् अपराधों से, मेरा संसार में बारम्बार जन्म लेना ही आपको इष्ट है तो, मित्रवर्य ! इतना सुयोग तो कृपया अवश्य प्रदान करना कि—मेरे मन की वृत्ति तो आपके पदारविन्द-द्वन्द्व के समीप में लगी रहे ॥८८॥

वसन्ततिलकया पुनरर्थयते—

ज्ञात्वापि मे नु मनसः कुदशां मुरारे !
संशोधयस्यहह दीनतमस्य किन्नो ।
कामादिभी रिपुकुलैः शरणागतानां
हाऽनादरो मधुरिपो ! नहि तेऽनुरूपः ॥८९॥

हे मुरारे ! मुझ अत्यन्त दीन दुखी के मन की दुर्दशा को जान करके भी क्यों नहीं सुधारते ?। हे मधुरिपो ! आपके शरणागतों का क्षुद्र कामादि शत्रुओं द्वारा अनादर होना, आपके स्वरूप के अनुरूप नहीं है, हा सखे ! आप ही विचारिये ॥८९॥

शिखरिण्या प्रार्थयते—

तवाऽऽस्तां रागो मे पदकमलयोर्ह्री मधुरिपो !
विरागः संसारात् सपदि समपारादसुखदात् ।
न जाने कस्मान्मे हृदयमनिशं त्वां स्मरति नो
स्मृतिस्वामिन् ! स्वं मे स्वयमिह हृदि स्मारय सदा ॥९०॥

हे मधुरिपो ! मैं अत्यन्त दुखी होकर कह रहा हूँ कि—आपके श्री चरणारविन्दयुगल में, मेरी प्रीति हो जाय, और महान् दुःखप्रद, अपार संसार-सागर से शीघ्र ही विराग हो जाय। न जाने प्राचीन ऐसा कौन-सा पाप है कि, जिसके प्रतिबन्धक होने के कारण, मेरा मन, आपका निरन्तर स्मरण नहीं करता, अतः हे स्मृतिस्वामिन् ! आप स्वयं ही मेरे हृदय में, निरन्तर अपना स्मरण कराइये ॥९०॥

अनुष्टुब्वृत्तद्वयेन पुनरर्थयते—

ममास्ते यादृशी प्रीति-र्विषयेष्वनपायिनी ।
तादृशी त्वयि विश्वात्मन् ! कथन्नेति दुनोम्यहम् ॥९१॥

यथैव दिवसा यान्ति विषयान् स्मरतोऽसकृत् ।
तथा कदा गमिष्यन्ति स्मरतस्ते पदाम्बुजम् ॥९२॥

हे सर्वान्तर्यामिन् ! मैं, इस बात से बड़ा दुखी हूँ कि—मेरी जैसी विषयों में अनपायिनी प्रीति है, ऐसी प्रीति, आप में क्यों नहीं हुई ? ।।९१।। और जिस प्रकार विषयों का निरन्तर स्मरण करते हुए मेरे दिन व्यतीत हो रहे हैं, ऐसे ही निरन्तर आपके पदाम्बुजों का स्मरण करते हुए कब व्यतीत होंगे ? ।।९२।।

पुनरपि शिखरिणीवृत्तेनार्थयते—

कदा गोलोकीयां तव मधुरलीलां कलयतः
सखे ! सख्युर्घस्रा मम तु प्रियताऽस्राणि सृजतः ।
त्वया सार्धं व्रीडारहित-रसक्रीडां रचयतः
सुखं यातस्त्वत्तः सखिसुखद ! यास्यन्ति सुखतः ।।९३।।

हे सखाओं को सुख देनेवाले सखे ! आपकी दिव्य-गोलोक में होनेवाली, परममधुर विशुद्ध सख्यरस की लीला का दर्शन करते हुए, लीला दर्शन से जायमान प्रीति के कारण, प्रेमाश्रुओं का विमोचन करते हुए, आपके साथ संकोच रहित रसमयी सख्य क्रीड़ा को करते हुए, एवं आपसे ही परमसुख को प्राप्त होते हुए मेरे दिन, सुखपूर्वक कब व्यतीत होंगे ? ऐसा सुयोग, शीघ्र दीजिये सखे ! ।।९३।।

विधुन्माला इयमग्रिमा—

कामादीनां सच्छत्रूणां, वश्यो जातस्तेऽहं बन्धुः ।
कः स्वं बन्धुं नो शत्रुभ्यो, बन्धो ! पाति श्रेष्ठो वीरः ।।९४।।

हे भगवन् ! मैं आपका बन्धु (सखा) होकर भी, सज्जनों के शत्रु कामक्रोधादिकों के वशीभूत होगया हूँ । हे बन्धो ! सर्वश्रेष्ठ एवं प्रसिद्ध वीर, ऐसा कौन है ? जो कि, अपने बन्धु को, शत्रुओं से नहीं बचाता । **इति त्वयैव विचारणीयं सखे** ! ।।९४।।

तोटकद्वयेन स्वाभिलाषं प्रकटयति—

अधुनाऽऽव्रज नाऽऽव्रज वा व्रजरा-,जशिशो ! भविताऽपि तवाऽऽव्रजनम् ।
यदि भक्तजनास्तव सन्ति प्रिया, भविता हि कदापि तवाऽऽहसनम् ।।९५।।
अयि कृष्ण ! ममाऽसुखितस्य हृदः, सुखमस्य कदापि विधास्यसि किम् ।
कृपया निजया निजरूपसुधां, मम लोचनयोरपि धास्यसि किम् ।।९६।।

हे व्रजराजशिशो ! अब आप, मुझे दर्शन देने आइये या न आइये, परन्तु आपका आना तो कभी न कभी अवश्य ही होगा । और यदि आपको भक्तजन प्यारे हैं तो, कभी न कभी हमारे सामने भी आपका मधुर हास्य-परिहास अवश्य ही होगा ।।९५।। हे सखे ! श्रीकृष्णचन्द्र ! मेरे इस महान्

दुखित हृदय को भी आप कभी सुखित करोगे क्या ? और अपनी अहैतुकी कृपा से अपनी रूपसुधा को मेरे दोनों नेत्रों में भी धारण करोगे क्या ? ॥९६॥

अपूर्वाभिलाषमेवाह शिखरिणीयुग्मकेन—

अदृष्ट्वा लावण्यं व्रजति न दिदृक्षा नयनयो-
रनाकर्ण्य श्रोत्रं मधुरवचनं मे न मनुते ।
अनाघ्राय घ्राणं विमलवपुषस्ते परिमलं
धुनोत्येवात्मानं तव नतिविहीनं मम शिरः ॥९७॥

उरोऽनाश्लिष्य त्वां सहभुजयुगं कम्पमयते
त्वगप्येषा स्पर्शं तव न भजमाना न सुखमैत् ।
अपीत्वा मे जिह्वा तव चरणपङ्केरुहजलं
ममाऽङ्गानामेषां शमय सुविवादं मम सखे ! ॥९८॥

हे भगवन् ! आपको भी लुभानेवाले आपके लोकोत्तर लावण्य (सौन्दर्य) को न देखकर, मेरे नेत्रों की दिदृक्षा (देखने की इच्छा) शान्त नहीं होती है, और आपके परमधुर वचनों को न सुनकर, मेरे कान भी नहीं मानते हैं, एवं आपके दिव्य मङ्गलमय श्रीविग्रह की दिव्य सुगन्धि के सूँघे बिना, नासिका भी चुप नहीं रहती है और आपके चारुचरणारविन्दों में, साक्षात् नमस्कार किये बिना, मेरा मस्तक भी आपे को धुनता रहता है ॥९७॥ और मेरा वक्षःस्थल भी, आपका आलिङ्गन प्राप्त न करके दोनों भुजाओं के सहित, कम्पित होता रहता है । और यह मेरी त्वचा भी, आपके स्पर्श सुख को न प्राप्त कर महान् दुखित रहती है । और आपके चरणामृत का पान किये बिना, मेरी जिह्वा की भी वही दशा है । हे सखे ! मेरी तो आपके श्रीचरणों में यही प्रार्थना है कि—आप शीघ्र ही कृपया मेरे इन अङ्गों के सुविवाद को शान्त कर दीजिये ॥९८॥

पुनरपि स्वामिलाषमाह शिखरिण्या—

कदा ते पादाम्भोरुह-युगलसंवाहनमहं
करिष्ये रोहिण्यास्तनयबलभद्रस्य च मुदा ।
वयस्यैर्गानं वा तव समययोग्यं च व्यजनं
नियुद्धक्रीडां वा सखिसुखद ! गो-चारणमपि ॥९९॥

हे मित्रों को सुख देनेवाले मित्रवर्य ! हतभाग्यवाले मेरे भाग्य में, ऐसा सुयोग कब संघटित होगा कि, जब आपके चरणारविन्दद्वन्द का एवं रोहिणीनन्दन परमउदार श्रीबलभद्रजी के युगल चरणों का संवाहन (सेवन) करूँगा । तथा आपकी प्रसन्नतार्थ, सखाओं सहित पद्य-गान, समययोग्य

व्यजन (बीजना) और आपके साथ द्वन्द युद्धलीला एवं गोचारण लीला भी कर सकूँगा ? ॥९९॥

वाञ्छाविशेषं पुनरपि व्यनक्ति शिखरिणीत्रयेण—

यदा श्रीकृष्णो मे सबल उपयाताऽक्षिविषये
तदा स्वं द्रष्टुं मां परमसमर्थं कथयिता ।
सखे ! शीघ्रं पश्य त्वमिति वचनं शक्तिरचनं
स चैतादृक्कालो मम हतविधेरैष्यति कदा ॥१००॥

जिस समय, श्रीबलदेवजी के सहित श्रीकृष्णचन्द्र, मेरे नेत्रों के सामने उपस्थित होंगे तब, मुझको अपने दर्शन करने में परम असमर्थ जानकर, दर्शनशक्ति देनेवाले परम मधुर—"हे सखे ! शीघ्र ही मेरा दर्शन करो मैं, तुम्हारे सामने उपस्थित हूँ" ऐसे वचन कहेंगे । हाय ! मुझ हतभाग्य के भाग्य में, ऐसा मनोहर समय कब उपस्थित होगा ? ॥१००॥

इमे नेत्रे द्रष्टुं ह्यभिलषत आस्याम्बुजवरं
श्रुती श्रोतुं वाक्यं परममधुरं सर्वचतुरम् ।
परिष्वक्तुं वक्षःस्थलमपि मम त्वां सहभुजं
सखे ! सख्युर्वाञ्छां मम सपदि पूर्णां विरचय ॥१०१॥

ममाऽऽशानामासां मम सखिवरः श्रीहरिरहो
विनाश्य प्रारब्धं सपदि ननु पूर्तिं प्रथयिता ।
प्रभोस्तस्याऽशक्यं भवति किमु कार्यं सुरतरो-
रिवाशां सर्वेषां निजमनुगतानां रचयितुः ॥१०२॥

हे भगवन् ! ये मेरे दोनों नेत्र, आपके श्रीमुखारविन्द का दर्शन करना चाहते हैं, एवं दोनों कान, सबसे चतुर, परममधुर आपके वाग्विलास (वाणी) को सुनना चाहते हैं और मेरा वक्षःस्थल भी, भुजाओं के सहित गाढ़ालिङ्गन को प्राप्त करने की अभिलाषा करता है । हे प्यारे सखे ! मुझ अपने सखा की अभिलाषा को शीघ्र ही पूर्ण कर दीजिये ॥१०१॥ मेरी इन पूर्वोक्त आशाओं को मेरे प्यारे मित्रवर्य श्रीहरि, अपनी कृपा से मेरा प्रारब्ध नष्ट करके शीघ्र ही पूर्ण करेंगे—यह मेरा दृढ़ विश्वास है । और उन **"कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुं समर्थ"** प्रभु के लिये कौन-सा कार्य अशक्य है अर्थात् अपने भक्तों के लिये सब कुछ कर सकते हैं । क्योंकि, वे तो कल्पवृक्ष की भाँति, अपने शरणागतों की सम्पूर्ण अभिलाषाओं को सदैव से पूर्ण करते आ रहे हैं ॥१०२॥

पंचचामरवृत्तेन स्वाशयमभिव्यनक्ति—

तवाऽऽप्तये न काऽपि जायते मुकुन्द ! साधना
भवत्यतीव दुस्तरा यतो मनोजबाधना ।
परन्त्वमुष्य किं करिष्यति द्विषः प्रतारणा
विमुक्तये ममाऽस्ति चेत् प्रभोस्तवैव धारणा ॥१०३॥

अब, कतिपय श्लोकों से अपना अभिप्राय व्यक्त करते हैं यथा—हे मुकुन्द ! आपकी प्राप्ति के लिये मुझसे तो कोई भी साधना नहीं बन रही है कारण कि माद्दृक् पामर पुरुष पशुओं से अत्यन्त दुस्तर, मनोज की बाधना प्रतिबन्धक-रूपेण उपस्थित हो जाती है। परन्तु सज्जनों के बैरी इस मनोज की प्रतारणा, हमारा क्या बिगाड़ सकेगी ? जब कि, सर्वसमर्थ मेरे मित्रवर्य आपकी ही धारणा, संसार सागर से मेरे मुक्त करने की है तो ॥१०३॥

स्वमनोनिरोद्धुं प्रार्थयते तोटकेन—

न मनो मम याति वशं प्रसभं, व्रजति व्रजराजशिशो ! विषभन् ।
तददो निवधान निजाङ्घ्रियुगे, कृपया निजया निजबाहुयुगे ॥१०४॥

हे श्रीव्रजराजकुमार ! मेरा मन मेरे वश में नहीं आता है, अपितु हठात् विषतुल्य विषयों में ही भागता रहता है। अतः कृपया आप ही इस चंचल चित्त को अपने श्रीचरणयुगल में अथवा श्रीभुजयुगल में, दृढ़ बाँध लीजिये ॥१०४॥

पंचचारवृत्तेन पुनरपि स्वाभिलाषमाह—

कदा प्रसन्नतां गतस्त्वमेत्य साग्रजः सखे !
स्वबाहुमध्यगं करिष्यसीह मामनारतम् ।
तथा कराम्बुजद्वयेन मस्तकस्य लालनं
मुखेन स्वस्य मे मुखस्य चुम्बनेन सत्क्रियाम् ॥१०५॥

हे सखे ! ऐसा समय कब आवेगा, जब कि—आप मुझपर प्रसन्न होकर मेरे समीप, श्रीबलरामजी के सहित पधार कर बहुत काल तक भुज भर के मुझ से मिलते रहोगे। और अपने करकमल युगल से मेरे मस्तक का लालन एवं अपने श्रीमुख से मेरे मुख का चुम्बनादि द्वारा सत्कार करोगे ॥१०५॥

स्रग्धरया स्वप्नेऽपि दर्शनाभिलाषमाह—

स्वप्नेऽप्यागत्य मह्यं विनिदिश भगवन्नेवमाशु प्रसन्न-
स्तस्मिन्कालेऽथ तस्मिञ्जनुषि तव मया संगमः स्यान्नितान्तम् ।

वाक्येनाऽनेन तेऽहं बहुजनिसमयं यापयिष्येऽतिशीघ्रं
कालःस्याज्जन्मनोऽस्य व्रजभव ! सुतरामन्यथा कल्पकल्पः ॥१०६॥

हे भगवन् ! आप कृपया शीघ्र प्रसन्न होकर, स्वप्न में भी आकर, मुझसे यों कह दीजिये कि—हे प्यारे सखे ! उस समय और उस जन्म में, तेरा मुझसे शाश्वतिक संयोग हो जायगा। वश, आपके इस वचनरूपी शम्बल के बलपर बहुत से जन्मों का समय भी, शीघ्र ही व्यतीत कर दूँगा, अन्यथा तो हे व्रजसंभव ! इस जन्म का समय भी कल्प के समान प्रतीत हो जायगा ॥१०६॥

वंशस्थेन पुनरप्यर्थयते—

अनुक्षणं ते चरणारविन्दयोः, स्मृतिःकुतो नो भवतीह माधव ! ।
विहाय कामानितरान्निरन्तरं, यथैव जायेत तथा विधीयताम् ॥१०७॥

हे माधव ! मेरा ऐसा कौन-सा प्राचीन पातक प्रतिबन्धक है जिससे कि—आपके चरणारविन्दों की स्मृति प्रतिक्षण नहीं होती। हे भगवन् ! इतर कामनाओं को त्यागकर जिसप्रकार निरन्तर आपकी स्मृति बनी रहे वैसी ही कृपा कीजिये ॥१०७॥

आर्याछन्दोऽभिरर्थयतेऽधुना—

विषयेभ्यो मम चेतो, दूरीभवितुं नहीच्छतीषदपि ।
अनादिकालत एव, त्वत्तो ननु विमुखताहेतोः ॥१०८॥
तस्मात् त्वं निजकृपया, तेभ्यो माधव ! हठात्परावर्त्य ।
निजपदयो-र्विनिवेशय, स्वल्पां निजमाधुरीं दत्त्वा ॥१०९॥
किं खलु सुदृढं पापं, पूर्वं निरवधि कृतं न जानीमः ।
त्वत्प्राप्तिराजमार्गे, भवति दृढाऽर्गलं यदद्यापि ॥११०॥

हे भगवन् ! मेरा चित्त, विषयों से किंचिद् भी दूर नहीं होना चाहता, इस विषय में तो, अनादिकाल से आपसे विमुखता ही कारण है ॥१०८॥ अतः हे माधव ! आप अपनी कृपा से हठपूर्वक उन विषयों से मेरे मन को लौटाकर—थोड़ी-सी निजानन्द माधुरी का दान करके अपने श्रीचरणों में निविष्ट कर लीजिये ॥१०९॥ हम नहीं जानते कि, हमने पहले जन्मों में ऐसा कौनसा सुदृढ़ पाप किया है, जो कि, आज भी आपकी प्राप्ति के राजमार्ग में अर्थात् भक्ति मार्ग में, सुदृढ़ अर्गल (अड़वंगा) अर्थात् विघ्न स्वरूप हो रहा है ॥११०॥

पुष्पिताग्रा-वृत्तेन स्वाभिलषितमाह—

शृणु मम विनयं विनीतबन्धो !, कुरु यदि रोचत एव मित्र ! तुभ्यम् ।
लघु लघु सुहसन् ममाऽक्षिमार्गे, त्वमु समुपेत्य परिष्वजस्व दोर्भ्याम् ॥१११॥

हे विनीतबन्धो ! पहले मेरी विनय सुनिये ! मित्रवर्य ! यदि आपको अच्छी लगे तो पूर्ण कर दीजिये, यथा—आप प्रेमपूर्वक मन्द-मन्द मुस्कराते हुए मेरे नेत्रों के सामने आकर, दोनों भुजाओं से मेरा आलिङ्गन कीजिये ॥१११॥

अनुष्टुप् छन्दः—

प्रार्थनाशतकानां ते, शतकं कुर्वतो मम ।
जन्मनां शतकं यातु, व्यर्थं नैकमपि प्रभो ! ॥११२॥

हे प्रभो ! आपके श्रीचरणों में, मेरी तो यही प्रार्थना है कि—आपके सैकड़ों प्रार्थनाशतक बनाते हुए तो, मेरे सैकड़ों जन्म भले ही व्यतीत हो जायँ, परन्तु व्यर्थ एक भी न जाय ॥११२॥

आर्यावृत्तेन नूतनाभिलाषमाह—

अयमपि ममभिलाषः, कृपया निजया नु पूर्यतां भगवन् ! ।
प्राणविसर्जनकाले, निःसरतु प्रार्थनापद्यम् ॥११३॥

हे भगवन् ! मेरी एक नवीन-अभिलाषा यह भी है कि—मेरे प्राण विसर्जन के समय में भी, मेरे मुख से आपकी प्रार्थनामय एक पद्य (श्लोक) अवश्य निकल जाय। इसको आप, अपनी अहैतुकी कृपा से ही पूर्ण कर दीजियेगा ॥११३॥

पुनरप्यार्यया वेणुश्रवणाभिलाषमाह—

यस्य निनादं श्रुत्वा, स्वयमपि मोहं भजसि श्रीकृष्ण ! ।
मामपि मोहय मित्र !, तं वेणुं वादयित्वैव ॥११४॥

हे श्रीकृष्ण ! जिसके माधुर्यमय मनोहर शब्द को सुनकर आप स्वयं भी विमोहित हो जाते हो, हे मित्रवर्य ! उसी वेणु को बजाकर मुझको भी कृपया विमुग्ध कर दीजिये ॥११४॥

नित्यलीलाप्रवेशाभिलाषमाह आर्यया—

गोचारणमपि कर्तुं, नित्यं यत्रैसि साग्रजः सखिभिः ।
मामपि कृपया गिरिधर !, तस्यां नय नित्यलीलायाम् ॥११५॥

हे भगवन् ! जिस दिव्यातिदिव्य गोलोक की नित्यलीला में आप श्रीबलदेवजी एवं सखाओं के सहित, नित्य ही गोचारण करने जाते हो, हे गिरिधरलालजी ! मुझको भी उसी गोलोकीय-नित्यलीला में प्राप्त कर लीजिये, यही आपकी महती कृपा होगी ॥११५॥

अनुष्टुब्वृत्ताभ्यां पुनरप्यर्थयते—

वाध्यमानोऽस्मि त्वद्भक्तो विषयै-रजितेन्द्रियः ।
प्रगल्भा दीयतां भक्तिर्यथा न स्यां पराजितः ॥११६॥

बालस्याऽव्यक्तया वाचा प्रसीदति यथा पिता।
तथा ममाऽनया वाचा प्रसीदतु भवानपि ॥११७॥

हे भगवन् ! मैं, प्राकृत-विषयों से अत्यन्त वाध्यमान (पीड़ित) हूँ अतएव आपका अजितेन्द्रिय भक्त हूँ परन्तु प्रभो ! कृपया ऐसी प्रगल्भा भक्ति दीजिये कि, जिसके प्रभाव से मैं, विषयों से पराजित न हो सकूँ ॥११६॥ हे मित्रवर्य ! आप मेरी इस प्रार्थनाशतकमयी वाणी से इस प्रकार प्रसन्न हो जाइये जैसे कि, पिता, बालक की तोतली बोलीपर भी रीझ जाता है ॥११७॥

स्रग्धरा-छन्दसा पुनरर्थयते—

कः प्राचीनोऽपराधो मम ननु बलवान् येन रुष्टोऽसि मित्र !
नो चेद् रुष्टोऽसि तर्हि व्रजपसुत ! कुतः प्रार्थनां नो शृणोषि।
क्षान्त्वा मन्तूननन्तान्निरवधि विहितान् रक्ष तान्तं सखायं
मित्रामोदप्रदायिन् ! नय निजसविधं मायया पीड्यमानम् ॥११८॥

हे मित्र ! मेरा ऐसा कौन-सा प्राचीन बलवान् अपराध है, जिससे कि, आप मुझपर रुष्ट (अप्रसन्न) हो रहे हो। यदि रुष्ट नहीं हो तो हे व्रजराजकुमार ! मेरी इस विनम्र प्रार्थना को क्यों नहीं सुनते ? हे मित्रों को सुख देनेवाले सखे ! निरन्तर किये हुए अनन्त अपराधों को क्षमा करके, महान् दुखित मुझ अपने सखा की रक्षा कर लीजिये और माया से पीड़ित मुझको अपने पास बुला लीजिये ॥११८॥

शतकोक्तभावानां पूर्तिमभिवाञ्छति आर्यया—

कृपया यया मुरारे !, पूरितमेतन्नु प्रार्थनाशतकम्।
पूरयसि कथं न तया, शतकोक्तं भावनाशतकम् ॥११९॥

हे मुरारे ! जिस अपनी अहैतुकी कृपा से, यह 'प्रार्थनाशतक', आपने पूर्ण किया है उसी कृपा से, इस शतक में कहे हुए भावना-शतक को भी, पूर्ण क्यों नहीं करते ? ॥११९॥

अनुष्टुभा पूर्वोक्तमेव विशदयति—

शतकोक्ता इमे भावास्त्वयैव हृदि भाविताः।
स्वयं भावितभावानां स्वयं पूर्तिरथोचिता ॥१२०॥

पूर्वोक्त अर्थ को ही स्पष्ट करते हैं यथा—हे सखे ! इस शतक में कहे हुए ये सब भाव, आपने ही मेरे हृदय में उत्पन्न किये हैं, अतः स्वयं उत्पादित भावों की पूर्ति भी, आप को स्वयं करनी ही उचित है ॥१२०॥

शतकान्ते स्वेष्टदेवं प्रणमति आर्यया—

हृदि यस्य प्रेरणया, व्यलिखं यस्यैव प्रार्थनाशतकम् ।
तस्मै नमोऽस्तु हरये, सबलाय वयस्यवर्याय ॥१२१॥

अब, शतक के अन्त में अपने इष्टदेव को नमस्कार करते हैं, हृद्गत अन्तर्यामीरूप जिनकी प्रेरणा से, मैंने, यह प्रार्थनाशतक लिखा, उन्हीं मेरे मित्रवर्य श्रीहरि को श्रीबलदेवजी के सहित मेरा प्रणाम है ॥१२१॥

सदोषत्वेऽपि निर्दोषत्वं काव्यस्याह—

दोषा यद्यपि भूयांसः शतकेऽत्र भ्रमादयः ।
गुणायन्ते स्म ते सर्वे तथापि हरिकीर्तनात् ॥१२२॥

"दोष-सहित होनेपर भी, यह काव्य, निर्दोष है" इस बात का प्रतिपादन करते हैं, यथा—हे सज्जनो ! यद्यपि इस प्रार्थनाशतक में, भ्रम प्रमादादि और काव्यगत भी बहुत से दोष हैं तथापि वे सब, इस काव्य में अनवरत श्रीहरि का कीर्त्तन होने के कारण, गुणों का-सा ही आचरण कर रहे हैं अर्थात् गुण ही हो गये हैं। कारण कि, सच्छास्त्रों में इस विषय का इसी प्रकार निर्णय है कि—जिस काव्य में यथेष्ट तो शब्दालंकार अनुप्रास यमकादि हों और अर्थालंकार उपमा, अतिशयोक्ति आदि हों तथापि, जगत् को परम पवित्र करनेवाले श्रीहरि के नाम गुणादि का जिसमें किंचिद् भी यदि वर्णन न हो तो वह काव्य, परमहंसों के असेव्य काकतीर्थ ही बताया है। और जिस काव्य में रचना भी शिथिल हो, एवं अलंकारों का भी सर्वथा अभाव हो, परन्तु जनता के पापों को दूर करनेवाले भगवान् के यश से अंकित, नामों का उच्चारण यदि पद-पदपर हुआ है तो, वही सत्सेव्य परम कल्याण कारक वाक्य-विन्यास अर्थात् श्रेष्ठ काव्य है। कल्याणेच्छुकों को उसका ही सेवन करना चाहिये। श्रीहरि ने भी, श्रीउद्धवजी के प्रति एकादशस्कन्ध में यही कहा है कि हे उद्धव ! मेरे नाम, रूप, गुण, लीला आदि के वर्णन से रहित जो वाणी है वह वन्ध्या है, बुद्धिमान् को ऐसी वन्ध्या वाणी कभी भी धारणा नहीं करनी चाहिये ॥१२२॥

शतकं चैतत्स्वगुरुकरकमलयोः सादरं समर्पयति वसन्ततिलकावृत्तेन—

आचार्यवर्यकरपङ्कजयुग्ममध्ये
प्रेम्णाऽर्प्यते शतकमेतदु तत्कृपाप्तम् ।
गोलोकगोऽपि सुविलोक्य च दिव्यदृष्ट्या
दृष्ट्याऽऽर्द्रया स्वकरुणां मयि स प्रकुर्यात् ॥१२३॥

अब, इस शतक को मित्रभाव-संवलित ज्ञान भक्ति, शास्त्रावलोकन की शक्ति के देनेवाले अपने श्रीगुरुदेव के कर कमलों में सादर समर्पित करते हैं—श्रीगुरुदेवजू की कृपा से ही प्राप्त इस "प्रार्थनाशतक" को मैं, श्रीगुरुवर्य के युगल करकमलों में ही प्रेमपूर्वक अर्पण करता हूँ इस समय, दिव्यधाम श्रीगोलोक में विराजमान भी मेरे श्रीगुरुदेव, दिव्यदृष्टि से इसका अवलोकन करके, स्नेहमयी दृष्टि से मेरे ऊपर अपनी अहैतुकी कृपा करें। उनके श्रीचरणों में, मेरी यही करबद्ध प्रार्थना है ॥१२३॥

कार्पण्येन स्वस्वरूपं स्वगुरवे निवेदयति शिखरिण्या—

न ते वाक्ये श्रद्धाऽभवदहह किं पूर्तिविषये
न चाऽकार्षं किंचित् तव प्रियकरं कार्यममलम्।
न जाने आचार्यप्रवर ! मम का स्यान्ननु गतिः
समेषां शिष्याणामिव कुलकलङ्कं कलय माम् ॥१२४॥

हे श्रीगुरुदेव ! मैं अपने स्वरूप का आपके सामने क्या वर्णन करूँ ? मुझ हतभागे की तो यह दशा है कि—आपके वचनों का पालन करना तो दूर रहा उनमें मेरी हाय ? श्रद्धा भी नहीं हुई। और आपको प्रिय लगने-वाला कोई निर्मल कार्य भी मैंने नहीं किया, अतः हे आचार्यप्रवर ! मैं, नहीं जानता कि, मेरी क्या गति होगी ? आप तो मुझको अपने सम्पूर्ण शिष्य कुल का कलङ्क ही समझिये ॥१२४॥

निजाचार्यस्वरूपं दर्शयति शिखरिण्या—

गुरूणामस्माकं हरिचरणविश्वासविषये
वदामः किं मूढाः खलु वयमविश्वासविभवाः।
अभूवन् विश्वासा इव जगति मूर्त्ता प्रकटिता-
स्तथाकर्तुं मादृग् जगति मनुजः कः प्रभवति ॥१२५॥

अब, अपने श्रीगुरुदेव के स्वरूप का दिग्दर्शन कराते हैं, यथा—हे सज्जनो ! अविश्वास ही जिनका वैभव है ऐसे महामूढ़ हमलोग, हमारे श्रीगुरुदेव के, श्रीहरिचरणों में विश्वास के विषय में क्या कहें ? वे तो मूर्तिमान् विश्वास ही जगत में प्रगट हुए थे। हमारे जैसा कुटिल-जन इस जगत में, श्रीहरिचरणों में उनका-सा विश्वास करने को कोई भी समर्थ नहीं है ॥१२५॥

पुष्पिताग्रा-वृत्तद्वयेन स्वगुरुमेव स्तौति—

गुणगणगणनां विधातुमीश-,स्तव किमु दीनजनोऽयमेकजिह्वः।
सुरतरुतलमेत्य किं दरिद्र-,मतिरवगच्छति तं यथावदीश ! ॥१२६॥

गुरुवर ! विधुरे भवाटवीतो, मयि हतमेधसि सा कृपा विधेया ।
निरवधि ययका पदाब्जयोस्ते, मम रतिरस्तु च रामकृष्णपादे ॥१२७॥

हे सर्वसमर्थ श्रीगुरुदेव ! एक जिह्वावाला यह दीनजन, क्या आपके गुणों की गणना कर सकता है ? अपितु नहीं। दरिद्र-बुद्धिवाला मनुष्य, कल्पवृक्ष के नीचे जाकर भी, क्या उसके स्वरूप को यथार्थ रूप से जान लेता है ? ॥१२६॥ हे गुरुवर ! संसाररूप वन में, अनादिकाल से भ्रमण करने से, महान् दुखित एवं मन्दबुद्धि मुझपर भी, वह कृपा कीजिये जिससे कि, निरन्तर आपके श्रीचरणों में एवं चिरसुहृद् श्रीराम-कृष्ण के श्रीचरणों में मेरी अटल प्रीति हो जाय ॥१२७॥

शार्दूलविक्रीडित-द्वयेन तमेव स्तौति—

काठिन्येन तवाप्तिरद्य घटिता संसेविते शङ्करे
वाञ्छा यादृशदेशिकस्य समभूत् तादृक् त्वमाप्तो मया ।
सच्छास्त्राणि सनैगमानि हृदये कञ्जानि वाप्यामिव
नित्यं यस्य लसन्ति तस्य तव को मादृग् गुणान् कीर्तयेत् ॥१२८॥

श्रीशंकरजी की सेवा करनेपर बड़ी कठिनता से, आज आपकी प्राप्ति हुई है। जैसे श्रीगुरुजी की इच्छा थी वैसे ही आप मुझको मिल गये। जिनके हृदय में वेद, पुराणादि सब शास्त्र, सरोवर में कमलों के समान, नित्य ही खिले रहते हैं, ऐसे आपके गुणों को यथार्थरूप से मुझ जैसा पामर, कैसे कह सकता है ? ॥१२८॥

हे श्रीदेशिकवर्य ! वर्यचरित ! प्रज्ञावधे ! ज्ञावधे !
मिथ्यादृष्टिमहीध्रपक्षभिदुराऽशान्ताय शान्तिप्रद ! ।
मादृक्पामरजीवभीषणपशोर्मोक्षाय दीक्षागुरो !
मां दुष्टप्रवरं समुद्धर विभो ! संसारवारां निधेः ॥१२९॥

हे श्रीगुरुवर्य ! आपका चरित्र बहुत ही सुन्दर है ! आप प्रज्ञा की अवधि हैं ! और ज्ञान की भी अवधि है ! और नास्तिकतारूपी पहाड़ के पक्ष छेदन करने को तो आप, वज्र के समान ही हो ! और अशान्त पुरुषों को भी शान्ति प्रदान करनेवाले हो ! और मेरे जैसे पामर जीव ही भयंकर पशु तुल्य हैं, उनकी मोक्ष के लिये भी आप बद्धपरिकर हैं ! । हे विभो ! मुझ दुष्टप्रवर का, संसार-सागर से उद्धार कर दीजिये ॥१२९॥

ग्रन्थपूर्तिकालमभिधत्ते वसन्ततिलकया—

शून्येन्दुशून्यनयनैश्च मिते हि वर्षे, श्रीविक्रमार्कनृपतेरपि माघमासे ।
वृन्दाटवीवसतिलब्धकवित्वशक्ति-,रेतल्लिलेख शतकं वनमालिदासः ॥१३०॥

श्रीवृन्दावनवास की महिमा से ही जिसको कविता शक्ति का लाभ हुआ है, उसी "वनमालिदास" ने श्रीवृन्दावन में ही एकान्त में बैठकर—वि० सं० २०१० के माघ मास में इस "श्रीवनमालिप्रार्थनाशतक" को लिखकर सम्पूर्ण किया है ॥१३०॥

पठन्ति ये नरा नित्यं प्रार्थनाशतकं त्विदम् ।
भावनां पूरयँस्तेषां तेषु कृष्णः प्रसीदति ॥१३१॥

जो मनुष्य, श्रद्धा-भक्ति-पूर्वक इस प्रार्थनाशतक का, नित्यप्रति पाठ करते हैं, उनकी सम्पूर्ण भावना को पूर्ण करते हुए श्रीकृष्ण, उनपर परम प्रसन्न हो जाते हैं ॥१३१॥

इति श्रीनिखिलशास्त्रपारावारपारदृश्व-सख्यावताराष्टोत्तरशत-
स्वामि-श्रीकृष्णानन्ददासजी-महाराज-शिष्येण काव्यतीर्थेन
घटिकाशतकेन महाकविना श्रीवनमालिदासशास्त्रिणा
विरचितं भाषाटीकासहितं
"श्रीवनमालिप्रार्थनाशतकं" सम्पूर्णम्

अथ सूक्ष्मं श्रीचैतन्यलीलामृतम्

अद्वैतार्थनया पुरा तु जननं शच्यां जगन्नाथतः
पश्चादध्ययनञ्च कीर्तनमहायज्ञस्य सञ्चारणम् ।
काजीशाक्तमनुष्यमाधवजगन्नाथद्विजोद्धारणम्
सन्न्यासग्रहणं ततश्च भगवत्प्रेम्णा जगत्तारणम् ॥१॥

षड्गोस्वामिगणं ततः स्वकृपया प्रापय्य वृन्दावनम्
गूढस्थानविघाटनं तदनु भक्तेस्तावकोद्घाटनम् ।
नीलाद्रिस्थितसार्वभौममतमायावादिनां खण्डनम्
इत्युक्तं वनमालिदासशिशुना चैतन्यलीलामृतम् ॥२॥

निर्माणकाल:—
वि० सं० २००२ भाद्रपद कृष्णजन्माष्टमी ।

❁ श्रीगुरुदेव-प्रार्थना ❁

[ले०—श्रीअमरचन्दजी गौड़, मु० बुडाला, जि० जालन्धर]

गुरुदेव तुम्हीं सरवस मेरे, सब झूँठा जग का नाता है।
है आप बिना अब कौन मेरा, कोई पिता नहीं नहि माता है॥
यह देश विराना लगता है, घरवार न हमें सुहाता है।
यह मन मलिन्द थिर नहीं होता, पदपङ्कज को ललचाता है॥
श्रीवृन्दावन की भूमि में, मेरा भी रहना हो जावे।
हो जावे जन्म सुफल मेरा, चरणों में रहना हो जावे॥
यह प्रथम आपका कहना है, गुरुजी सों बात छिपावे ना।
सन्देह-रहित सब कह देवै, जो बात समझ में आवे ना॥
यह लगन लगी रहती हरदम, चरणों के बीच निवास करूँ।
आँखों से रूप-सुधा पीकर, मन प्रेम के सिंधु डुवाया करूँ॥
यह बड़े भाग्य से योग हुआ, चरणों से परे हटाना ना।
है प्यास आपके दर्शन की, बिन दर्शन के तड़पाना ना॥
शेष हैं दिन जो जीवन के, इन चरणों ही में कट जावें।
गुरुदेव कृपा की कोरों से, सब दुःख जन्म के मिट जावें॥
बाँह पकड़ कर तुमने ही, कितनों को जग में तारा है।
मुझ दीन हीन पै कृपा करो, ये ही सन्देश हमारा है॥
यह सीस गुरु के चरणों में, मैंने अब अर्पण कर दीन्हा।
इसको अब परे हटाना ना, जो सीस चरण पर धर दीन्हा॥
असली है अर्ज यही मेरी, मुझे अपने पास बुला लेना।
इस 'अमरचन्द' को दास समझ, पदपङ्कज से लिपटा लेना॥

श्रीराधारमणो जयति

श्रीरामकृष्णौ विजयेतेतमाम्

श्रीमन्माध्वगौडेश्वरौ विजयेतेतमाम्

श्रीराधारमणशतकम्

निखिलशास्त्रपारावारपारदृश्व-सखराऽवताराष्टोत्तरशत-स्वामि
श्रीकृष्णानन्ददासजीमहाराज-शिष्येण श्रीगोपालचम्पू-
श्रीआनन्दवृन्दावनचम्पू-श्रीपद्यावली-श्रीभक्ति-
ग्रन्थमाला-श्रीस्तवरत्ननिधि-प्रभृतिप्राचीन-
ग्रन्थानां टीकाकारेण काव्यवेदान्त-
तीर्थेन घटिकाशतकेन महाकविना
श्रीवनमालिदासशास्त्रिणा
प्रणीतम् ।

●

तेनैवाऽनूदितं संशोधितं प्रकाशितं च

द्वितीयावृत्तिः ५०० } शिवचतुर्दशी वि० सं० २०३२ { निछावर प्रेम पूर्वक पाठ

भूमिका

आज से बत्तीस वर्ष पहले वि० सं० १९९९ में वैशाख शुक्ला पौर्णमासी के दिन श्रीवृन्दावन में राधारमणजी के मन्दिर में, श्रीराधारमणजी की चतु:शताब्दी जयन्ती का महोत्सव बड़े समारोह के साथ मनाया गया था। उसके अन्तर्गत एक कविसम्मेलन भी हुआ था, उसके सभापति पूज्यपाद गो० श्रीवनमालीलालजी महाराज थे। उस समय अभिनव व्याकरणाचार्य गो० श्रीरासविहारीजी शास्त्री के समीप में मैं व्या० शा० का प्रथम खण्ड दे रहा था। आपने मुझे कुछ समस्या पूर्ति के लिये दीं और कहा कि, तुम श्रीराधारमणजी के प्रागटच के विषय में कोई काव्य लिखो, जयन्ती के दिन सभा में सुना दिया जायगा। बस, उनकी कृपा का शंबल और बल श्रीराधारमणजी का प्राप्त हुआ, पश्चात् तत्काल उसी दिन "श्रीराधारमण-शतक" मेरे मुख से प्रगट हुआ। वै० शु० पौर्णमासी की रात्रि के ८ बजे से सभा का कार्य प्रारम्भ हुआ। क्रमश: सभी विद्वानों ने अपनी-अपनी समस्यायें सुनाईं, पश्चात् मेरी भी वारी आई। समस्या पूर्ति सुनाकर 'श्रीराधारमणशतक" सुनाया। श्रीवृन्दावन व मथुरा के प्रमुख-प्रमुख सभी विद्वान् सभा में उपस्थित थे। सभापति महोदय मुझ अत्यल्पवयस्क बालक की रचना पर विशेष प्रसन्न हुए और पुरस्कार देते हुए कहा कि— "श्रीराधारमणशतक" एकबार और सुनाओ। मैंने भी उनकी आज्ञानुसार सुनाया। उपस्थित सभी विज्ञजन और सभासद् सुनकर परम प्रसन्न हुए। उसी समय प्रसन्न होकर पूज्य गोस्वामीजी ने मुझे "घटिका-शतक" उपाधि से अलंकृत कर दिया। अब सुनिये—"श्रीराधारमणशतक" में वर्णित विषय का दिग्दर्शन यथा—आज से ४९१ वर्ष पहले स्वभजन-त्रिभजन-प्रयोजनाय पतित-जन-पावनाय भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र ही नवद्वीप में श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभुजी के स्वरूप में अवतीर्ण हुए थे। २४ वर्ष गृहस्थाश्रम में बिताकर सन्यास ग्रहण किया। तदनन्तर श्रीहरिनाम का प्रचार करते हुये दक्षिण दिशा में आये। वहाँ पर कावेरी नदी के किनारे श्रीरङ्गनाथ नाम के नगर में, श्रीवेंकटभट्टजी से आपका सम्मेलन हुआ। वर्षा के आजाने के कारण श्रीमहाप्रभुजी ने वहीं चातुर्मास्य व्रत किया। श्रीभट्टजी ने अपने सुपुत्र श्रीगोपालभट्टजी को श्रीमहाप्रभुजी की सेवा में सदैव के लिये समर्पण कर दिया। श्रीमहाप्रभुजी ने शिक्षा दीक्षा देकर श्रीगोपालभट्टजी को श्रीवृन्दावन भेज दिया। वहाँपर रहकर श्रीभट्टजी ने

"श्रीहरिभक्तिविलास" प्रभृति ग्रन्थों की रचना की। एक समय आप भक्ति का प्रचार करते हुये श्रीगण्डकी नदी में स्नान करने गये। स्नान के अनन्तर सूर्य को अर्घ देते समय आपकी अंजलि में एक अत्यन्त सुन्दर शालग्राम की मूर्ति आ गयी, पश्चात् जल भरने के लिये कमण्डलु, ज्यों ही जल में डुबाया त्यों ही कमण्डलु में भी ११ शालग्राम आ गये। पश्चात् आप वृन्दावन पधारे, इन्हीं प्रथम प्राप्त शालग्राम मूर्ति से श्रीराधारमणजी का प्रागट्य हुआ है। जो इस शतक में विस्तारपूर्वक वर्णित है। वही दिव्यमूर्ति श्रीधाम वृन्दावन में, श्रीराधारमणजी के मन्दिर में आज भी विराजमान है। भाग्यशील जन प्रतिदिन दर्शन कर कृतार्थ होते हैं। वस, मैंने तो महापुरुषों से यथाश्रुतं यथाधीतं यथामति के अनुसार लिख दिया है। यदि कोई त्रुटि भी रह गई हो तो विज्ञजन सुधार लेंगे। बालक ने तो अपना पाठ सुना दिया।

इति निवेदयति—विनीतो—**वनमालिदासः**

●

ग्रन्थकर्तुः प्रशस्तिः

(लेखक—कुँवर हरिश्चन्द्रदेव वर्मा "चातक")

श्रीमदनवद्य श्रद्धेय शास्त्री जी सादरं स्नेहाञ्जलयः।

चि० गं० प्र० द्वारा आपका करकमलाङ्कित पत्र प्राप्तकर परमानन्द-सन्दोह हुआ। १—श्रीसख्य-सुधाकरः। २—श्रीभक्तनाममालिका पुस्तकद्वय प्राप्त हुईं। अनिर्वचनीयानन्द उपलब्ध हुआ। आप काव्यकला निष्णात हैं—पदे पदे आपकी प्रतिभा दृग्गोचर हो रही है।

'सख्यसुधाकर' के दर्शन कर शीतल हृदय हुआ मेरा
'भक्तनाममालिका' पहिन कर मिटा भेद मेरा तेरा।
श्रीवनमालिदास बन पहिले पुनः सखा का पद पाया
भव-से तप्त प्राणियों के हित 'सख्य-सुधाकर' प्रगटाया।।

अस्तु मैं तो, यत्र-तत्र पुस्तकों को देखकर खिल उठा। आपका अनुवाद इतना सुन्दर है कि, जी चाहता है आपकी लेखनी को, नहीं नहीं उन अँगुलियों को, नहीं नहीं उस हृदय को ही चूम लूँ आलिङ्गन में भर लूँ। धन्य हैं आप कृतविद्य वश्यवाक् कविरत्न।

★

※ श्रीराधारमणो जयति ※

श्रीराधारमणशतकम्

उपगीतिछन्दः प्रथमम्—

श्रीराधारमणाख्यं, शतकं वनमालिदासेन ।
क्रियते तद् वनमालिन् !, वनमालेवाऽऽत्मसात् क्रियताम् ॥१॥
देवभाषाऽनभिज्ञैस्तु दुर्ज्ञेयं शतकं त्विदम् ।
इति मत्वा मूलकर्त्रा भाषाटीकाऽपि लिख्यते ॥

हे श्रीमन् ! सखे ! वनमालिन् ! यह "श्रीराधारमणशतक"-नाम का जो शतक, आपके ही सखा "वनमालिदास" बना रहे हैं, इसे आप वनमाला की भाँति सहर्ष स्वीकार कर लीजिये ॥१॥

सख्यसंवलितज्ञानभक्तिदं स्वगुरुं स्तौति, आर्याछन्दसा—

यस्य कृपालव-शक्त्या, शक्तः शतकं त्वहं विनिर्मातुम् ।
स जयति गुरुदेवो मे, श्रीकृष्णानन्ददासाख्यः ॥२॥

अब सख्य-भाव युक्त ज्ञान एवं भक्ति के देनेवाले निज गुरुवर को स्तुति करते हैं कि—जिनकी कृपा के लेशमात्र से, सर्वथा असमर्थ भी मैं, शतक निर्माण करने को समर्थ हुआ हूँ, वे ही पूज्यपाद १०८ "स्वामि श्रीकृष्णानन्ददासजी"-नामक मेरे श्रीगुरुदेवजी की जय हो ॥२॥

स्वेष्टदेवसहितान् स्वसम्प्रदायाचार्यान् स्तौतिअनुष्टुब्वृत्तेन—

सखायौ रामकृष्णौ मे जयतः स्म निरन्तरम् ।
जयन्ति मध्वगौराङ्ग-नित्यानन्दा जगद्धिताः ॥३॥

अब अपने इष्टदेव सहित अपने सम्प्रदायाचार्यों की स्तुति करते हैं यथा—मेरे सनातन सखा श्रीरामकृष्ण की जय हो. और जगत् के हित के लिये ही जिनका पृथ्वीतल पर अवतार हुआ है वही मेरे पूज्य-चरण आचार्य-वर्य "श्रीमध्व" "श्रीगौराङ्ग महाप्रभु" "श्रीनित्यानन्द महाप्रभु जी" की सदा जय हो ॥३॥

वाणीविनायकौ स्तौति आर्यावृत्तेन सादरम्—

सा जयति श्री वाणी, भक्तिग्रन्थेषु मोदमाना या ।
स जयति गणाधिराजो, विघ्नान् हन्तुं समर्थो यः ॥४॥

अब आदर-पूर्वक श्रीवाणी विनायक की स्तुति करते हैं यथा—उन श्रीसरस्वतीजी की जब हो कि जो, भक्ति प्रतिपादक ग्रन्थों में ही सदा प्रसन्न रहती हैं। और उन श्रीगणेशजी महाराज की सदा जय हो कि—जो, विघ्नों को निवारण करने में परमसमर्थ हैं ॥४॥

विद्यागुरूनभिनन्दति अनुष्टुभा—

जयन्ति विद्यागुरवो येभ्यो विद्यां समध्यगाम् ।
यद्दत्त-विद्याविभवै-र्ग्रन्थान् प्राचीकटं बहून् ॥५॥

अब विद्यागुरुओं का अभिनन्दन करते हैं यथा—मेरे पूज्यपाद उन सब विद्यागुरुओं की जय हो कि, निज के द्वारा दी हुई विद्या के वैभव से मैंने बहुत से ग्रन्थ प्रगट किये हैं ॥५॥

शार्दूलविक्रीडितद्वयेन श्रीगोपालभट्टगोस्वामिनं तदिष्टदेवं श्रीराधारमणं च स्तौति—

येषां चित्तसरोवरे प्रकटितं त्वासीत् पदाब्जं हरे-
नैवेद्यं च निवेदयन्ति विविधं नानानुरागं स्म ये ।
श्रीवृन्दावनजं निपीय रसकं जाताः स्वयं ये रसा
गृह्णन्ति स्म गुणाँस्त्यजन्त्यगुणकान् ये भक्तभूपा मताः ॥६॥

शीलौदार्य-कृपा-क्षमादिनिलया धर्मस्य ये सेतव
आसँस्ताँस्तु मुहुर्नतोऽस्मि शिरसा गोपालभट्टानहम् ।
श्रीराधारामणं तथैव शिरसा नत्वा ततो वर्णये
शालग्रामतनोर्यथा प्रकटितं रूपं हरेः सुन्दरम् ॥७॥

अब दो श्लोकों से पूज्यचरण १०८ श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीजी महाराज की तथा उनके इष्टदेव श्रीराधारमणजी की स्तुति करते हैं यथा—मैं, पूज्यपाद उन श्रीगोपालभट्ट गोस्वामीजी महाराज को बारम्बार साष्टाङ्ग दण्डवत् प्रणाम करता हूँ, जिनके कि, चित्तरूपी-सरोवर में श्रीहरि के चरणकमल सदा ही खिले रहते थे, और जो अनेक प्रकार के नैवेद्य को अनुराग पूर्वक श्रीहरि के समर्पण करते थे, एवं जो वृन्दावन से जायमान दिव्यरस का पान कर स्वयं रसस्वरूप हो गये थे, और जो प्राणीमात्र में गुणों का ही ग्रहण करते थे, अवगुणों को त्याग देते थे और जो भक्त भूप थे, और जो शील, उदारता, कृपा, क्षमा, आदि के स्थान एवं धर्म के सेतु थे। उसी प्रकार श्रीराधारमणलालजी को भी प्रणाम करके अब उस विषय का वर्णन करता हूँ कि, जिस प्रकार "शालग्राम" जी से अत्यन्त सुन्दर श्रीराधारमणजी का प्रागट्य हुआ था ॥६-७॥

विदुषः प्रणमति वसन्ततिलकावृत्तेन—

विद्वज्जनास्तु मम मूर्खवरस्य दोषान्, बालोऽयमित्यविगणय्य पुनः प्रसन्नाः ।
भक्तिं हरेश्चरणपंकजयुग्ममध्ये, दास्यन्ति नूनमिति तान्शिरसा नतोऽस्मि ।।८

विद्वज्जन तो "यह बालक है" ऐसा समझ कर, मुझ मूर्ख श्रेष्ठ के दोषों को ध्यान में न लाकर, अपितु प्रसन्न होकर श्रीहरि के पादारविन्द द्वन्द्व में भक्ति ही प्रदान करेंगे। अतः नत मस्तक हो मैं, उनको भी प्रणाम करता हूँ ।।८।।

उपोद्घातमाह-तत्र पूर्वमुपेन्द्रवज्रा वंशस्थद्वयं ततः कतिपयानि अनुष्टुब्वृत्तानि ज्ञेयानि-

अहैतुकी जीवसमूहकेषु, कृपा हरेर्वर्तत एव नित्यम् ।
जना हरिं बुद्धिपथात् कथंचि-,न्निवारयन्तां न हरिर्हि तांस्तु ।।९।।

अब प्रकृत वस्तु की सिद्धि के लिये कुछ उपोद्घात वर्णन करते हैं यथा—करुणावरुणालय श्रीहरि की तो जीव समूहोंपर सदैव से अहैतुकी कृपा विद्यमान है, जीव चाहे अपने बुद्धि पथ से श्रीहरि को हटा दें, परन्तु श्रीहरि तो उनको कभी भी नहीं हटाते हैं ।।९।।

शरीरिणो यान्ति यदा हरिं मुधा, त्वधिक्षिपन्तो हि पराङ्मुखाग्रताम् ।
हरिस्तदैवोद्धरणाय संसृते-,र्युगे युगे स्वां तनुमाप्रकाशते ।।१०।।

जीव जब श्रीहरि की निन्दा करते करते विमुखता की पराकाष्ठापर पहुँच जाते हैं, कृपालु हरि तभी उनका संसार से उद्धार करने के लिये युग-युग में अवतार धारण करते रहते हैं ।।१०।।

केनाऽपि कर्हिचिज्जीवान् रूपेण नयते हरिः ।
सविधे च वितीर्य स्वां प्रेमभक्तिमलौकिकीम् ।।११।।

और श्रीहरि, कभी किसी रूप से अपनी अलौकिक प्रेम भक्ति का दान कर जीवों को अपने पास बुला लेते हैं ।।११।।

भक्तेश्चैव प्रचारार्थं गुर्वाचार्यमहात्मनाम् ।
अवतीर्य स्वरूपेण कदाचित्कुरुते दयाम् ।।१२।।

और कभी भक्ति के प्रचार के लिये श्रीगुरु, आचार्य एवं महापुरुषों के रूप से अवतीर्ण होकर जीवोंपर दया दृष्टि करते हैं ।।१२।।

तथ्येन चोपदेशेन सर्वदोपकरोति वै ।
दयालुः सततं विष्णुराचर्य च तथाऽऽत्मना ।।१३।।

और सर्वदा दयालु प्रभु स्वयं आचरण करके सत्य उपदेश से जीवों का सदा उपकार ही करते रहते हैं ।।१३।।

एवं निरन्तरं जीवान् धर्ममार्गच्युतान्मुहुः ।
दर्शयन् सत्यमध्वानं हरिरुद्धरत्युत्पथात् ।।१४।।

इस प्रकार निरन्तर धर्ममार्ग से च्युत हुए जीवों को बारम्बार सच्चा रास्ता दिखाते हुये बुरे मार्ग से रक्षा करते रहते हैं ।।१४।।

एवं यदा कलेर्दोषाज्जीवा उत्पथगामिनः ।
अधर्मं धर्मं मन्वाना जाताः सद्भावनाशकाः ।।१५।।
स्वप्रतिज्ञानुसारेण हरिणा बन्धुरूपिणा ।
तदाऽवतीर्य श्रीकृष्ण-चैतन्यप्रभुरूपके ।।१६।।
उच्चावचजनेभ्योऽपि दानं नाम्नो हरेः कृतम् ।
एवं चैतन्यदेवोऽपि जीवानुद्धार्य संसृतेः ।।१७।।
अन्तर्धानं गतः किन्तु भक्तेच्छापूर्तिहेतवे ।
पुनः प्रकटितं रूपं शश्वद् भक्तजनप्रियम् ।।१८।।

और इसी प्रकार कलि के दोषों से जीव जब उत्पथगामी होगये और अधर्म में धर्म को मानते हुये सद्भाव के नाशक हो गये, तब अपनी गीतोक्त प्रतिज्ञानुसार प्राणीमात्र के बन्धुस्वरूप श्रीहरि ने "नवद्वीप में" श्रीकृष्ण-चैतन्य महाप्रभु के रूप में अवतार लेकर उच्च नीच सभी श्रेणी के जीवों को अपनी अहैतुकी कृपा से श्रीहरि नाम का वितरण किया । इस प्रकार श्रीचैतन्य देव भी जीवों का संसार सागर से उद्धार करके अन्तर्धान होगये । परन्तु भक्तों की इच्छा पूर्ति के लिये निरन्तर भक्तजन मनोहर रूप को श्रीहरि ने पुनः प्रगट कर दिखाया ।।१५-१८।।

एवं मुहुर्मुहू रूपं प्रकटय्य दयालुना ।
हरिणा कार्यते प्रेम-रसास्वादो जनाय वै ।।१९।।

इसी प्रकार दयालु श्रीहरि, अपने मनोहर श्रीविग्रह को बारम्बार प्रगट कर अपने भक्तों को प्रेमलक्षणा भक्ति के रस को चखाते रहते हैं ।।१९

यद्-भक्तप्रेमरशना-बद्धैः प्रकटितं यथा ।
मधुरं हरिभी रूपं तदिदानीं निवर्ण्यते ।।२०।।

श्रीहरि ने जिन भक्तवर्य की प्रेम रूपी डोरी में बँधकर, परम मधुर रूप को जिस प्रकार प्रगट किया था उसको अब वर्णन करते हैं ।।२०।।

कथांशः प्रारभ्यते—

वैक्रमीये मिते वर्षे द्व्यब्धिभूतसुधांशुभिः ।
श्रीनवद्वीपके चैव कलिपावन-हेतवे ।।२१।।

कृष्णचैतन्यरूपेण हरिराविर्बभूव ह।
चतुर्विंशतिवर्षाणि गृहस्थाश्रममध्यके ॥२२॥
यापयित्वा तु जग्राह ततः संन्यासकं किल।
प्रचारयन् स्वकं नाम ततो दक्षिणमागतः ॥२३॥

विक्रम सम्वत् १५४२ में फाल्गुन की पूर्णिमा के दिन सायंकाल में श्रीहरि कलियुग को पवित्र करने के लिये श्रीनवद्वीप धाम में पं० श्रीजगन्नाथ मिश्र जी के घर, श्रीमती पूजनीया माता शचीदेवी के द्वारा, श्रीकृष्णचैतन्य-रूप से प्रगट हुए थे। २४ वर्ष गृहस्थाश्रम में बिताकर, पूज्यपाद श्रीकेशव-भारतीजी से सन्यास ग्रहण कर लिया। और अपने श्रीहरिनाम का प्रचार करते हुए दक्षिण दिशा में पधारे ॥२१-२३॥

इतः शार्दूलविक्रीडितत्रयम्—

कावेरीतटवर्त्तिपत्तनवरे श्रीरङ्गनाथाख्यके
श्रीचैतन्यप्रभोर्यदा सुगमनं तर्ह्येव वर्षाऽऽगता।
श्रीरङ्गेऽपि च मेलनं समजनि श्रीवेङ्कटाख्यैर्बुधै-
र्भट्टोपाह्वयुतैः पुनश्च प्रभुणा तत्रैव वासःकृतः ॥२४॥

श्रीकावेरी नदी के किनारेपर वर्तमान 'श्रीरङ्गनाथ' नामक नगर में, श्रीचैतन्य महाप्रभुजी जब पधारे उसी समय इनकी सेवा के लिये ही मानो अगवानी वर्षा ऋतु भी उपस्थित होगई। श्रीरङ्गक्षेत्र में भी, 'श्रीवेङ्कटभट्ट' नामक विज्ञवर्य से, श्रीप्रभुजी का सम्मेलन हुआ और भट्टजी के आग्रह से वहीं चातुर्मास्य व्रत करना आरम्भ कर दिया ॥२४॥

आसीद् भट्टमहोदयस्य च शिशुर्गोपालभट्टाख्यको
यः सेवाकरणे प्रभोः पटुतमः सेवानिमग्नोऽभवत्।
कस्मिंश्चित्तु दिने प्रसंगवशतो वाक्यं प्रभोः श्रीमुखाद्
भट्टं बोधयितुं द्रुतं विनिसृतं पुत्रो न ते लौकिकः ॥२५॥
श्रीराधावरकुञ्जगा हि गुणमञ्जर्येव तेऽयं शिशु-
रुद्धारो भविता शिशोस्तव बलाज्जीवावलेः संसृतेः।
यत्नेनाऽयमतो विचार्य मनसा संरक्षितव्यस्त्वया
श्रुत्वैवंविधमात्मजं प्रमदकं भट्टस्तु लेभे मुहुः ॥२६॥

श्रीवेङ्कटभट्टजी के 'श्रीगोपालभट्ट'-नामक सुपुत्र जो थे वे सेवा करने में अत्यन्त चतुर थे, अतः श्रीमहाप्रभुजी की सेवा में निमग्न हो गये। प्रदनन्तर प्रसङ्गवशात् किसी दिन, प्रभुजी के श्रीमुख से भट्टजी को समझाने के उद्देश्य से यह वाक्य सहसा निकल पड़ा कि—हे भट्टजी ! आपका यह

पुत्र, लौकिक नहीं है, अपितु श्रीराधारमणजी की निकुञ्जगामिनी "श्रीगुण-मंजरी" सखी का ही अवतार है, और तुम्हारे पुत्र के द्वारा बहुत से जीवों का संसार सागर से उद्धार होगा। अतः मन से विचार कर यत्नपूर्वक आपको इसकी रक्षा करनी चाहिये। इस प्रकार के वचनों को सुनकर भट्टजी को महान् आनन्द प्राप्त हुआ ॥२५-२६॥

वेङ्कटाख्यास्ततो भट्टा अर्पयन्तो मुदा शिशुम्।
ऊचुरेवंविधं वाक्यं नेतव्योऽयं शिशुः प्रभो! ॥२७॥

तदनन्तर श्रीवेङ्कटभट्टजी, अपने सुपुत्र को श्रीप्रभुजी के समर्पण करते हुए यों बोले कि—हे प्रभो! इस बालक को आप सदैव के लिये अपनी सेवा में ही ले लीजिये ॥२७॥

वैक्रमीये मिते वर्षे त्वष्टषड्भूतभूमिभिः।
मासे तु कार्तिके चैव शुक्ले पक्षे तथैव च ॥२८॥
एकादश्यां तु गोपालभट्टः श्रीप्रभुणा कृतः।
दीक्षितो मन्त्रराजेन गोपालाख्येन चैव हि ॥२९॥

तदनन्तर वि० सं० १५६८ में कार्तिक मास के शुक्लपक्ष में एकादशी के दिन श्रीमहाप्रभुजी ने श्रीगोपालभट्टजी को मन्त्रराज 'श्रीगोपाल'-नामक मन्त्र से दीक्षित कर दिया ॥२८-२९॥

ततस्तु बोधयन् गुप्तं रहस्यं प्रभुरुक्तवान्।
वत्स! गोपाल! गन्तव्यं त्वया वृन्दावने शुभे ॥३०॥

तदनन्तर गुप्त रहस्य को समझाते हुए श्रीप्रभुजी ने कहा कि—हे वत्स! गोपाल! तुम मेरी आज्ञा से मङ्गलमय श्रीधाम वृन्दावन चले जाओ ॥३०॥

तत्राऽन्तरङ्गभक्ता मे बहवो निवसन्ति हि।
श्री सनातनरूपाद्याः सङ्गमस्तैर्भविष्तति ॥३१॥

वहाँपर श्रीसनातन एवं श्रीरूपादिक मेरे बहुत से अन्तरङ्ग भक्त रहते हैं उनसे तुम्हारा समागम होगा ॥३१॥

साकं तैर्भक्तितत्त्वस्य प्रचारः क्रियतां त्वया।
तथा श्रीकृष्णचन्द्रस्य लीलाभूमेः प्रकाशनम् ॥३२॥

वहाँ जाकर तुम उन सबके साथ भक्तितत्त्व का प्रचार करना और श्रीकृष्णचन्द्र की लीलाभूमि को भी प्रकाशित करना ॥३२॥

ततश्चैतन्यदेवोऽपि विरहाकुलितान् हि तान्।
परित्यज्य तथा मार्गे बहूञ्जीवान् समुद्धरन् ॥३३॥

हरिनामोपदेशं च कुर्वन्नीलाचलं ययौ ।
इतो गोपालभट्टाश्च बभूवुर्विरहाकुलाः ।।३४।।

इस प्रकार का उपदेश कर तदनन्तर श्रीचैतन्य महाप्रभुजी भी, अपने विरह से व्याकुल श्रीगोपालभट्टजी को छोड़कर तथा मार्ग में बहुत से विमुख जीवों का उद्धार करते हुए और श्रीहरिनाम का उपदेश करते हुए नीलाचल अर्थात् श्रीजगन्नाथजी पधारे । इधर श्रीगोपालभट्टजी भी श्रीप्रभुजी के विरह से व्याकुल होगये ।।३३-३४।।

पुनश्चाज्ञामनुस्मृत्य प्रभो-र्वृन्दावनं प्रति ।
यातुं तु दधिरे चेतो यायामुर्वा ततः कथम् ।।३५।।
पित्रोः स्थविरयोराज्ञां विना यानं सुदुष्करम् ।
अतो गोपालभट्टानां चित्ते चिन्ता बलीयसी ।।३६।।

तदनन्तर श्रीप्रभुजी की आज्ञा का अनुस्मरण करते हुए श्रीवृन्दावन जाने को, श्रीभट्टजी मन तो करते थे, परन्तु सहसा वहाँ से जायँ कैसे ? कारण कि, वृद्ध माता पिता की आज्ञा बिना तो जाना अत्यन्त कठिन था, अतः श्रीगोपालभट्टजी के चित्त में महती चिन्ता रहती थी ।।३५-३६।।

वैक्रमीये मिते वर्षे सिद्धचष्टभूतभूमिभिः ।
यातुं वृन्दावनं पित्रोराज्ञा जाता सुखप्रदा ।।३७।।
तत्क्षणं पञ्जरान्मुक्तो यथोड्डीय शुको व्रजेत् ।
तथा गोपालभट्टाश्च श्रीमद्-वृन्दावनं ययुः ।।३८।।

तदनन्तर वि० सं० १५८८ में श्रीवृन्दावन जाने के लिये माता पिता की सुखप्रद आज्ञा सहर्ष होगई । आज्ञा पाते ही श्रीगोपालभट्टजी, तत्क्षण इस प्रकार सहर्ष वृन्दावन चल दिये जैसे कि, पिंजरे के बन्धन से मुक्त होकर तोता उड़ कर चला जाता है ।।३७-३८।।

यत्र श्रीकृष्णचैतन्यप्रभोराज्ञानुगामिनौ ।
भक्तौ श्रीकृष्णरक्तौ चोषतू रूपसनातनौ ।।३९।।
ताभ्यां गोपालभट्टानां सङ्गमः प्रागभूत् किल ।
ततो गोपालभट्टैश्च रचितोऽप्यति-सुन्दरः ।।४०।।
भक्तेस्तत्त्वप्रबोधाय रुजामिव निदानवत् ।
हरिभक्तिविलासाख्यो ग्रन्थो भक्त-मनोरमः ।।४१।।

जिस वृन्दावन में, श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु की आज्ञानुसार चलनेवाले, एवं श्रीकृष्ण में परमानुराग रखनेवाले, भक्तवर्य श्रीरूप सनातनजी दोनों भाई रहते थे । श्रीगोपालभट्टजी का सर्वप्रथम इन्हीं महापुरुषों से समागम

हुआ। तदनन्तर श्रीगोपालभट्टजी ने भक्ति के सम्पूर्ण रहस्यमय तत्त्व को जानने के लिये "श्रीहरिभक्ति-विलास"-नामक अत्यन्त सुन्दर भक्तजन मनोरम ग्रन्थ बनाया। रोगों के वास्तविक स्वरूप को जानने के लिये जैसे "माधव निदान" है तद्वत् ॥३९-४१॥

ततः कतिपयाहःसु यातेषु प्रेषितस्तु तैः।
वृन्दावनेऽहमायात इत्युदन्तः स्वकः प्रभोः ॥४२॥
समीपं वैष्णव-द्वारा शुभे नीलाचले पुरे।
वैष्णवेन ततो गत्वा वाचिकं श्रावितं द्रुतम् ॥४३॥

तदनन्तर कुछ दिन व्यतीत होजाने पर श्रीभट्टजी ने, श्रीमहाप्रभुजी के पास, श्रीजगन्नाथजी में, एक वैष्णव द्वारा अपना यह वृत्तान्त कहला भेजा कि—प्रभो ! मैं श्रीवृन्दावन में आगया हूँ। वृत्तान्तवाहक उस वैष्णव ने जाकर शीघ्र ही यह वृत्तान्त सुना दिया ॥४२-४३॥

श्रुत्वा स्वशिष्यवृत्तान्तं तुष्टः प्रभुरभूद् बहु।
ततश्च प्रभुणाप्येकं लिखित्वा पत्रकं द्रुतम् ॥४४॥
प्रेषितं च तथा सार्धं दामकौपीनपट्टकाः।
गोपालभट्टसविधे प्रेषिताः प्रेमसूचकाः ॥४५॥

अपने शिष्य के वृत्तान्त को सुनकर श्रीप्रभुजी अत्यन्त प्रसन्न हो गये। तदनन्तर श्रीप्रभुजी ने भी, एक पत्र लिखकर श्रीगोपालभट्टजी के पास भेज दिया। तथा स्वप्रेमसूचक दाम, कौपीन और एक पट्ठा भी साथ ही भेज दिया ॥४४-४५॥

ततो गोपालभट्टाश्च दामकौपीनपट्टकान्।
लब्ध्वा प्रमुदिता भूत्वा त्वगाहन्त रसाम्बुधौ ॥४६॥

श्रीगोपालभट्टजी भी श्रीमहाप्रभुजी के कृपा स्वरूप दाम, कौपीन और पट्टे को प्राप्तकर प्रसन्न होकर रस समुद्र में गोता लगाने लगे ॥४६॥

ततो गोपालभट्टैश्च विचारितमिदं मुहुः।
कथमेतानि वस्तूनि प्रभुणा प्रेषितानि मे ॥४७॥
कुतः पिताऽथवा श्रीमद्गुरवो ददति स्वयम्।
एतादृशं वस्तुजातमायाँति तु विचार्य वै ॥४८॥
गुरवः किमिदानीं मे लोकादस्मात् स्वलीलिकाम्।
कर्तुं तिरोहितां नूनमिच्छन्तीति मतिर्मम ॥४९॥

तदनन्तर श्रीभट्टजी ने बारम्बार यह विचार किया कि श्रीमहाप्रभुजी ने ये वस्तुएं मेरे लिये क्यों भेजी हैं ? कारण कि, पिता अथवा श्रीगुरुजी

आगे का विचार कर ही स्वयं अपने पुत्र या शिष्य को ऐसी वस्तुएँ स्वयं देते हैं, तो क्या मेरे प्राणप्रिय श्रीगुरुदेवजी अपनी लीला को इस लोक से अन्तर्हित करना चाहते हैं ? मेरा तो यही निश्चित विचार है ।।४७-४९।।

यदैवैवं विचारोऽभूच्चित्ते तेषां महात्मनाम् ।
तदैवाऽश्रुप्रवाहोऽभूदभूवन् व्याकुलास्तथा ।।५०।।

श्रीसनातनरूपाभ्यां तस्मिन्नेव दिने किल ।
दृष्टं स्वप्ने यदाधाय तेजो गोपालभट्टके ।।५१।।

स्वकं चैतन्यदेवोऽपि तत्रैवान्तरधीयत ।
दृष्ट्वैवं व्याकुलौ भूत्वा स्वप्नं तौ लघु जागृतौ ।।५२।।

ततश्च वैष्णवैः साकं भट्टपार्श्वमुपागतौ ।
निवेद्य स्वप्नजां वार्तां ततः सर्वेऽपि चुक्रुशुः ।।५३।।

महापुरुष उन श्रीगोपालभट्टजी के चित्त में जब ऐसा विचार हुआ तभी नेत्रों से अश्रुओं का प्रवाह होने लग गया तथा स्वयं अत्यन्त व्याकुल हो उठे । उसी दिन श्रीसनातन गोस्वामी और श्रीरूप गोस्वामीजी ने स्वप्न में यह देखा कि—श्रीचैतन्य महाप्रभुजी, अपने दिव्य तेज को, श्रीगोपाल-भट्टजी में स्थापित कर, अन्तर्हित हो गये । ऐसा स्वप्न देखते ही दोनों भाई व्याकुल होकर जाग उठे । पश्चाद् कुछ वैष्णवों को साथ लेकर श्रीभट्टजी के समीप पधारे और स्वप्न का वृत्तान्त निवेदन कर, सबके सब रुदन करने लग गये ।।५०-५३।।

ततो वृन्दावनं शीघ्रमायातं वाचिकं प्रभोः ।
भक्तेष्विरम्मद इव रूपेणाऽलौकिकेन हि ।।५४।।

ततो वियोगजो वह्निर्भक्तवृन्देष्ववर्धत ।
श्रीमद्गोपालभट्टानां दशां को वर्णयेन्ननु ।।५५।।

गौरचन्द्रोऽभवद् येषां प्राणेभ्योऽप्यधिकः प्रियः ।
ततस्तु मूर्च्छिता भूत्वा निपेतुर्धरणीतले ।।५६।।

मूर्च्छितायामवस्थायां गौरचन्द्रो बभूव ह ।
भक्तदुःखेन दुःखाढ्यो प्रादुर्गौरिव वत्सला ।।५७।।

तदनन्तर स्वप्न में जो देखा था, वही श्रीप्रभु का सन्देश बिजली के समान अलौकिक रूप से श्रीवृन्दावन में सब भक्तों में संचारित हो गया । और भक्तवृन्दों में तत्क्षण वियोगरूपी अग्नि बढ़ गई । श्रीगोपालभट्टजी की दशा का कोई कैसे वर्णन करे । जिनके कि—श्रीगौरचन्द्र प्राणों से भी

अधिक प्यारे थे, श्रीभट्टजी मूर्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़े, उस मूर्छित अवस्था में ही, भक्तों के दुःखों से दुखित श्रीप्रभु, वात्सल्यमयी गैया के समान प्रगट हो गये ॥५४-५७॥

उक्तं च प्रभुणा तत्र वत्स ! गोपाल ! मा खिद ।
प्रियेभ्योऽहं तु भक्तेभ्यो नास्मि दूरं कदाचन ॥५८॥

गण्डकीमापगां गच्छ द्रुतं हे पुत्र ! लप्स्यते ।
तत्र द्वादशरुपेण शालग्रामस्य मूर्तिका ॥५९॥

सर्वतः प्रथमं तत्र मूर्तिर्दामोदरस्य या ।
लभ्येत तत्र जानीहि मामव्यक्तमवस्थितम् ॥६०॥

और श्रीप्रभुजी ने कहा कि, हे वत्स ! गोपाल ! तुम इतने दुखित मत होओ क्योंकि, मैं, अपने प्रिय भक्तों से कभी भी दूर नहीं हूँ, सदा पास ही रहता हूँ; हे पुत्र ! अब तुम मेरी आज्ञानुसार शीघ्र ही "गण्डकी" नदी को चले जाओ, वहाँ पर तुम्हें १२ शालग्राम की मूर्तियाँ मिलेंगी, उनमें से सर्वप्रथम जो "दामोदर" की मूर्ति प्राप्त हो, उसमें ही तुम, मुझको अव्यक्त रूप से सदा विराजमान ही जानना ॥५८-६०॥

पट्ट एको मया पूर्वं समीपे प्रेषितस्तव ।
उपविश्य त्वया तत्र भक्तेः कार्या प्रचारता ॥६१॥
त्वत्तः पश्चाद्भविष्यन्ति शिष्यका बान्धवास्तथा ।
पट्टाधिकारिणस्तेऽपि वत्स ! धर्मप्रचारकाः ॥६२॥
एवमुक्त्वा प्रभुः पश्चाद् भट्टमालिङ्ग्य वक्षसा ।
तथा च मूर्ध्न्युपाघ्राय तत्रैवान्तरधीयत ॥६३॥

और मैंने तुम्हारे पास पहले एक पट्टा भी भेजा था, तुम्हें मिला होगा, उसी पर बैठकर तुम, भक्ति का प्रचार किया करना। और तुम्हारे पीछे भी जो तुम्हारे शिष्य या बान्धव होंगे; हे वत्स ! वे भी भक्ति धर्म प्रचारक इस पट्टा के अधिकारी होंगे। इसप्रकार कहकर पश्चात् श्रीभट्टजी को वक्षस्थल से आलिगन कर एवं मस्तक में सूँघकर श्रीमहाप्रभुजी वहीं अन्तर्धान हो गये ॥६१-६३॥

श्रीसनातनरूपाद्या भक्ताश्चान्येपि तादृशम् ।
प्रभुं प्रेमपरं दृष्ट्वा विसंज्ञा मुमुहु-र्मुहुः ॥६४॥

संज्ञां लब्ध्वा ततो भट्टैर्मनसीदं विचारितम् ।
पूजनीये प्रभोः पट्टे कथं चोपविशाम्यहम् ॥६५॥

श्रीसनातनरूपाद्या बोधयामासुराशु तान् ।
गुरूणां भट्ट ! नैवाज्ञा लङ्घनीया कदाचन ।।६६।।

श्रीसनातन एवं श्रीरूप गोस्वामी प्रभृति अन्य भक्त भी प्रभु को इस प्रकार प्रेम परायण देखकर संज्ञा रहित होकर बारम्बार विमुग्ध हो गये। तदनन्तर मूर्छा को त्यागकर श्रीभट्टजी ने मन में यों विचारा कि, और सब आदेश तो ठीक है परन्तु पूजनीय प्रभुजी के पट्टे पर मैं कैसे बैठ जाऊँ। आपने अपने इस विचार को जब प्रगट किया तो श्रीसनातन रूपादि महा-पुरुषों ने उनको तत्क्षण समझाया कि,—हे श्रीभट्टजी गुरुओं की आज्ञा का कभी उल्लंघन नहीं करना चाहिये ।।६४-६६।।

ततो गोपालभट्टाँस्ते प्रभुदत्ते सुपट्टके ।
विधिवत्कारयामासुरभिषिक्तांस्ततः परम् ।।६७।।
हर्षिता भूषयामासुः श्रीगोस्वामीत्युपधिना ।
ततः प्रभृति तद्वंशे महासम्मानसूचकम् ।।६८।।
गोस्वामीति पदं सर्वैरुच्यते नामधेयके ।
ततो गोपालभट्टाश्च प्रभोराज्ञानुसारतः ।।६९।।
प्रस्थिता गण्डकीं शीघ्रं समानेतुं प्रभुं ततः ।
भक्तिं प्रचारयद्भिस्तैः प्राप्ता पुण्यजला नदी ।।७०।।
प्रथमे दिवसे तत्र चोपवासः कृतस्तु तैः ।
ततोऽन्यदिवसे स्नात्वा प्रभोरन्वेषणं कृतम् ।।७१।।

तदनन्तर उन महात्माओं ने श्रीप्रभुजी के दिये हुए पट्टे पर श्रीगोपालभट्टजी को विधि पूर्वक अभिषिक्त कर दिया—तथा "श्रीगोस्वामी" इस उपाधि से विभूषित कर दिया। बस, उसी दिन से उनके वंश में महा सम्मान सूचक "गोस्वामी" यह पद सबके नाम के पीछे सब लोग उच्चारण करते हैं। तदनन्तर श्रीभट्टजी श्रीप्रभुजी की आज्ञा के अनुसार अपने प्रभु को लेने के लिये शीघ्र ही गण्डकी नदी को चल दिये, तथा मार्ग में भक्ति का प्रचार करते हुए गण्डकी नदी पर पहुँच गये। वहाँ पर उस पुण्यजलमयी नदी के किनारे प्रथम दिन तो आपने उपवास किया—दूसरे दिन स्नान कर अपने प्रभु का अन्वेषण किया ।।६७-७१।।

कृतेऽप्यन्वेषणे यर्हि प्राप्ता नो हृदयेश्वराः ।
प्रार्थना कर्तुमारब्धा तदा तत्प्राप्तिहेतवे ।।७२।।

अन्वेषण करने पर भी जब हृदयेश्वर प्रभु प्राप्त न हुए तब उनकी प्राप्ति के लिये प्रार्थना प्रारम्भ कर दी ।।७२।।

भाण्डीरेश ! शिखण्डमण्डनवर ! श्रीखण्डलिप्ताङ्ग हे
वृन्दारण्यपुरन्दर ! स्फुटदमन्देन्दीवरश्यामल ! ।
कालिन्दीप्रिय ! नन्दनन्दन ! परानन्दारविन्देक्षण !
श्रीगोविन्द ! मुकुन्द ! सुन्दरतनो ! मां दीनमानन्दय ।।७३।।

हे भाण्डीर वट के स्वामिन् ! हे सुन्दर मयूर-मुकुट-धारिन् ! हे चन्दन-चर्चित-कलेवर ! हे वृन्दावन-पुरन्दर ! हे खिले हुए दिव्य नील-कमल के समान श्यामसुन्दर ! हे कालिन्दी प्रिय ! हे नन्दनन्दन ! हे परमानन्द ! हे कमलनयन ! हे श्रीगोविन्द ! हे मुकुन्द ! हे सुन्दर तनो ! आपके विरह से व्याकुल मुझ दीन को आनन्दित कर दीजिये ।।७३।।

इत्येवं प्रार्थनां कृत्वा यदार्घं दातुमुद्यताः ।
तदाऽञ्जलौ सतायातः शालग्रामोऽतिसुन्दरः ।।७४।।

इस प्रकार प्रार्थना करके जब सूर्यदेव को अर्घ देने को उद्यत हुये तभी आपकी अञ्जलि में एक सुन्दर शालिग्रामजी आ गये ।।७४।।

लब्ध्वाऽगाहन्त ते तर्हि दुष्पारे हर्षसागरे ।
ततोऽश्रूणां प्रवाहोऽभूद् गौरकृष्णेति तन्मुखे ।।७५।।

प्राप्त करते ही वे दुष्पार हर्ष सागर में गोते लगाने लग गये । नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की झरी लग गयी, तथा उनके श्रीमुख में 'हा गौर कृष्ण !' यही शब्द विराजमान था ।।७५।।

ततः स्तुत्वा यदा तैस्तु जलमध्ये कमण्डलुः ।
पूरणार्थं कृतस्तर्हि स्वयमेव कमण्डलौ ।।७६।।
शालग्रामाः समाजग्मू रुद्रसंख्या मनोहराः ।
ततो वृन्दावनं जग्मुः पूरयित्वा मनोरथम् ।।७७।।
एको मासो व्यतीयाय मार्गे तेषां महात्मनाम् ।
ततो वृन्दावनं प्राप्य बभूबुर्मुदिता भृशम् ।।७८।।
प्राप्य गोपालभट्टाँश्च मुदितं भक्तमण्डलम् ।
प्रशशंस ह तद्भाग्यं बारम्बारं मुदा युतम् ।।७९।।
विद्वांसौ भक्तवर्यौ च श्रीमद्रूप-सनातनौ ।
अप्यालिङ्ग्य प्रेमपूर्वं तेषां मानं प्रचक्रतुः ।।८०।।

स्तुति करने के पश्चात् जल भरने के लिये ज्योंहीं कमण्डलु जल में डुबाया त्यों ही अत्यन्त मनोहर ११ शालग्राम स्वयं ही कमण्डलु में आगये । पश्चात् अपना मनोरथ पूरण कर श्रीवृन्दावन चले आये । आपको मार्ग में एक मास व्यतीत हो गया । वृन्दावन को प्राप्त कर आप विशेष प्रसन्न

हो गये । श्रीगोपाल भट्टजी को प्राप्त कर, भक्त-मण्डल भी मुदित होगया । और प्रसन्नता से युक्त होकर उनके भाग्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करने लग गया । तथा भक्ति के रहस्यमय तत्त्व वेत्ताओं के अग्रगण्य भक्तवर्य श्रीरूप सनातनजी महाराज ने प्रेमपूर्वक आलिङ्गन करके आपका सम्मान किया ।।७६-८०।।

श्रीसनातनगोस्वामी श्रीमन्मदनमोहनम् ।
गोविन्दं रूपगोस्वामी सेवतेष्म निरन्तरम् ।।८१।।

उस समय श्रीमदनमोहनजी के श्रीविग्रह की सेवा तो श्रीसनातन गोस्वामी एवं श्रीगोविन्ददेवजी की सेवा, श्रीरूप गोस्वामीजी निरन्तर किया करते थे ।।८१।।

गोपीनाथं मधुबुधः पूजयामास सादरम् ।
गोपालभट्टगोस्वामी ददर्श मुदितोऽन्वहम् ।।८२।।

और पं० मधु गोस्वामीजी श्रीगोपीनाथजी की पूजा आदर पूर्वक किया करते थे । और गो० श्रीगोपालभट्टजी प्रतिदिन आनन्दित हो सबका दर्शन किया करते थे ।।८२।।

श्रीगोविन्दमुखं गोपी-नाथवक्षःस्थलं तथा ।
श्रीमन्मदनमोहन-पादावतिमनोरमौ ।।८३।।

कदाचिद् भट्टवर्योऽपि पूजयामास तत्त्रिकम् ।
पूजाकाले प्रभून् दृष्ट्वा प्रार्थयामास मानसे ।।८४।।

अहैतुकी सा करुणा किंकरे मयि माधव ! ।
भविष्यति कदा स्वामिन् ! यया ते विग्रहत्रयम् ।।८५।।

एकस्मिन्नेव पश्येयं विग्रहे त्वैक्यमागतम् ।
पूजयेयं कृतार्थस्ते प्रतिमां च मनोरमाम् ।।८६।।

